दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 103 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | मंगलवार, 18 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत् - 2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# शेख हसीना को फांसी की सजा



## बांग्लादेशी कोर्ट ने छात्रों की हत्याओं का दोषी माना; यूनुस बोले- भारत हसीना को सौंपे

बढ़ता राजस्थान

**ढाका( एजेंसी )।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सोमवार को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्हें ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के लिए मौत की सजा दी। बाकी मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। आईसीटी ने उन्हें 5 मामलों में आरोपी बनाया था। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड बताया। वहीं दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई।

सजा का ऐलान होते ही कोर्ट रूम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं। कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है। फैसले के बाद बांग्लादेश के अंतरिम पीएम ने मोहम्मद यूनुस ने भारत से हसीना को डिपार्ट करने की मांग की है।

### तख्तापलट के बाद भारत आ गई थीं हसीना

5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमान ने देश छोड़ दिया था। दोनों नेता पिछले 15 महीने से भारत में रह रहे हैं। बांग्लादेश के पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक यह भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह पूर्व बांग्लादेशी पीएम को हमारे हवाले करे।

### हसीना ने जिस कोर्ट की स्थापना की, उसी ने सजा सुनाई

हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना उन्होंने ही की थी। इसे 2010 में बनाया गया था। इस कोर्ट को 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान हुए वॉर क्राइम्स और नरसंहार जैसे मामलों की जांच और सजा के लिए बनाया गया था। हालांकि इस ट्रिब्यूनल को बनाने के लिए 1973 में ही कानून बना दिया गया था, लेकिन दशकों तक प्रक्रिया रुकी रही। इसके बाद 2010 में हसीना ने इसकी स्थापना की ताकि अपराधियों पर मुकदमा चल सके।

# मक्का से मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

## 18 एक ही परिवार से; उमरा के लिए जा रही बस डीजल टैंकर से टकराई

बढ़ता राजस्थान

**रियाद ( एजेंसी )।** सऊदी अरब में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं।

हादसे में सिर्फ 1 शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला।



### 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे

हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवंबर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवंबर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से मारे गए लोगों को 5-5 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

### 12 मृतकों के नाम सामने आए

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं।

### भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया

जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन जारी किया है। दूतावास ने कहा , सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा तीर्थयात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में 24×7 कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें।

## सऊदी अरब बस हादसे पर पीएम मोदी ने जताया दुख

सऊदी अरब में सोमवार तड़के हुई बस दुर्घटना को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जाहिर किया है। मदीना के पास उमराह यात्रियों से भरी बस एक डीजल टैंकर से टकरा गई, जिसमें कई भारतीयों की मौत हो गई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मदीना में भारतीय नागरिकों से जुड़ी दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रियाद स्थित हमारा दूतावास और जेद्दा स्थित वाणिज्य दूतावास हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ भी निरंतर संपर्क में हैं।

इस घटना में कई भारतीयों की मौत हो गई है। हालांकि, मौत के आंकड़ों को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के बाद जेद्दा और रियाद के महावाणिज्य दूतावास और एंबेसी ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जेद्दा में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घटना की जानकारी दी और मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

जेद्दा में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमराह यात्रियों के साथ हुई एक दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए, जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में एक 24म7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। मदद के लिए संपर्क करने हेतु जानकारी दी गई है: टोल फ्री नंबर 8002440003 है। इसके साथ ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने भी सऊदी अरब में भारतीय उमराह यात्रियों को ले जा रही एक बस के साथ हुए भीषण हादसे में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया। राज्य सरकार ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों को सूचना और सहायता प्रदान करने के लिए हैदराबाद में एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है।

## आजम और बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा

### बिस्किट के 2 पैकेट लेकर जेल गए

बढ़ता राजस्थान

**रामपुर।** सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला को फिर 7-7 साल की सजा हुई है। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने फर्जी पैन कार्ड मामले में सोमवार को दोनों को दोषी करार दिया। फैसले के तुरंत बाद कोर्ट में ही पुलिस ने बाप-बेटे को हिरासत में ले लिया। दोनों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट से एक किमी दूर गाड़ी से रामपुर जेल लेकर गई। कोर्ट ने दोनों पर 50-50 हजार का जुर्माना भी लगाया। आजम पुलिस की बोलेरो से जेल के बाहर उतरे तो एक हाथ में चश्मे का केस, दो पैकेट बिस्किट थे। फिर अब्दुल्ला गाड़ी से उतरा, उसके हाथ खाली थे। आजम के साथ उनका बड़ा बेटा अदीब भी पीछे-पीछे गाड़ी से जेल के गेट तक पहुंचा। उसने पिता आजम के कान में कुछ कहा, लेकिन क्या कहा, यह क्लियर नहीं है। अदीब ने भाई अब्दुल्ला को गले लगाया तो दोनों भावुक हो गए। जेल में दाखिल होने से पहले आजम ने कहा- कोर्ट का फैसला है, कोर्ट ने गुनहगार समझा तो सजा सुनाई है। वहीं, आजम के जेल जाने के बाद अखिलेश यादव ने कहा- सत्ता के गुरूर में जो नाइंसाफी और जुल्म की हदें पार कर देते हैं। वो खुद एक दिन कुदरत के फैसले की गिरफ्त में आकर एक बेहद बुरे अंत की ओर जाते हैं। सब, सब देख रहे हैं।

## आर्मी चीफ बोले- एक साल से भारत-चीन संबंधों में सुधार

### कोशिश रहे दोनों देशों के रिश्ते विवाद में न बदलें; एलएसी समझौता फायदेमंद



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पिछले अक्टूबर से भारत और चीन के संबंधों में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हालिया बैठकों में सामान्य स्थिति बहाल करने और विवादों के समाधान पर सकारात्मक चर्चा हुई है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि 21 अक्टूबर 2024 को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुआ समझौता भारत के लिए फायदेमंद रहा। इस समझौते में सीमा पर गश्त को लेकर बातचीत हुई है। दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और चीन विकास साझेदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं और यह भी कि मतभेद विवाद में नहीं बदलने चाहिए।

उन्होंने कहा कि अगर राजनीतिक दिशाएं स्पष्ट हों, तो उससे सभी को लाभ होता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जून 2024 में चीनी समकक्ष से कहा कि यह तय करने का समय है कि बर्फ पिघलनी चाहिए या नहीं। रक्षा मंत्रियों ने भी सीमाओं पर बातचीत और समाधान पर सहमति जताई है।

## हवाई किराए में मनमानी पर सुप्रीम कोर्ट ने जवाब मांगा

### केंद्र, डीजीसीए और एईआरए को नोटिस, मुफ्त चेक इन बैगेज का वजन घटाने पर भी सवाल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में हवाई जहाज के किराए और एक्स्ट्रा टैक्स में होने वाले अचानक उतार-चढ़ाव पर नियंत्रण की मांग वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायणन की जनहित याचिका पर कोर्ट ने केंद्र सरकार, डीजीसीए और एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि भारत में घरेलू विमान यात्रा बेहद महंगी और अनियमित होती जा रही है। निजी एयरलाइंस बिना किसी स्पष्ट कारण के किराया बढ़ाती हैं और कई तरह के छिपे हुए टैक्स जोड़ देती हैं, जिससे पैसेंजर्स पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। याचिका में महाकुंभ, पहलगाम आतंकवादी हमला के बाद किराए में बढ़ोतरी का हवाला दिया गया। याचिका के अनुसार अधिकांश निजी एयरलाइंस ने इकॉनॉमी क्लास में मुफ्त चेक-इन बैगेज को 25 किलो से घटाकर 15 किलो कर दिया है।

## वी श्रीनिवास ने मुख्य सचिव का पद संभाला

### श्रीनिवास बोले- राजस्थान मेरी कर्मभूमि, 22 साल की उम्र में यहां आया था, सुधांश पंत मेरे घनिष्ठ मित्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वी श्रीनिवास ने सचिवालय में राजस्थान के नए मुख्य सचिव का पद संभाल लिया है। निवर्तमान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने उन्हें चार्ज सौंपा। मुख्य सचिव का चार्ज लेने से पहले वी श्रीनिवास और सुधांश पंत ने सचिवालय के मुख्य भवन के एंट्री गेट पर गणेश मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की।



मुख्य सचिव दफ्तर में चार्ज लेने के मौके पर सुधांश पंत से गर्मजोशी से गले मिले। सुधांश पंत आज रिलीव हो गए हैं। उन्हें सचिवालय में आईएएस एसोसिएशन की तरफ से विदाई दी गई। वी श्रीनिवास ने चार्ज संभालने के बाद वरिष्ठ आईएएस अफसरों के साथ बैठक की है। मुख्य सचिव के चार्ज संभालने के बाद अब आज कल में आईएएस अफसरों की तबादला सूची आने की संभावना है। मुख्य सचिव का चार्ज लेने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए वी श्रीनिवास ने कहा- मैं सीएम भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट करता हूं। जिन्होंने मेरी कार्य कुशलता में विश्वास किया। इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। मैं प्रधानमंत्री का भी आभार प्रकट करना चाहता हूं कि भारत सरकार में मैं कई वर्षों से सचिव प्रशासनिक सुधार और लोग शिकायत विभाग की जिम्मेदारी दी। राजस्थान मेरी कर्म भूमि है, यहां में 22 साल की उम्र में आया था। मैं कई पदों पर रहा हूं। नागौर में मेरा प्रोबेशन था, इसके बाद उपखंड अधिकारी के रूप में भीलवाड़ा में काम किया। इसके बाद मैं सचिव के रूप में आया था। आयोजना विभाग, वित्त विभाग, स्वास्थ्य विभाग, साइंस और टेक्नोलॉजी विभाग में था।





# मोदी बोले : लालू यादव ने विकास की जगह जंगलराज चुना

## बिहार के रिजल्ट सबक देते हैं, सरकारों की प्राथमिकता सिर्फ विकास होना चाहिए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को एक्सप्रेस ग्रुप द्वारा आयोजित छठवें रामनाथ गोयनका व्याख्यान को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के नतीजे, हमें ये सबक देते हैं कि आप आज किस तरह की सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा आरजेडी की सरकार को बिहार के लोगों ने 15 साल मौका दिया। लालू यादव चाहते तो विकास कर सकते थे, लेकिन उन्होंने जंगलराज चुना।

बिहार के लोग इस विश्वासघात को सहन नहीं कर सकते थे। मैं हर दल और राज्य की सरकार से कहना चाहूंगा कि सरकारों की प्राथमिकता सिर्फ विकास होनी चाहिए। बिहार के नतीजे आने के बाद लोग कहते हैं कि मोदी और भाजपा हमेशा इलेक्शन मोड में रहते हैं। मैं कहता हूं कि इलेक्शन नहीं, इमोशनल मोड होना जरूरी होता है। मन में बेचैनी होती है कि एक मिनट भी नहीं गंवाना है। उसके नतीजे हमें चुनाव परिणाम के दिन दिखाई देते हैं।

मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के 25 साल तेजी से बीते। एक से बढ़कर एक चुनौती आई, लेकिन वे भारत की रफ्तार नहीं रोक पाई। पिछले 4-5 साल चुनौती भरे रहे हैं। 2020 में कोरोना महामारी आई। इससे पूरे विश्व में चिंताएं बढ़ी, पूरा विश्व निराशा की ओर जाने लगा। कुछ समय बाद हमारे पड़ोसी देशों में उथल-पुथल हुई। इसके बावजूद हमारी इकोनॉमी तेजी से बढ़ी।

### मोदी की स्पीच की बड़ी बातें...



हमारे एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्लान को देखिए। पहले की सरकारों ने इन जिलों को पिछड़ा मान कर छोड़ दिया था। अधिकारियों को सजा देने के लिए इन जिलों को जाना जाता था। अगर ये जिले पिछड़े ही रहते तो भारत अगले 100 साल में भी विकसित नहीं हो पाता।

हमने राज्य सरकारों को ऑनबोर्ड लिया। सारे पैरमीटर्स को जाना। यंग माइंड्स को वहां नियुक्त किया। इन जिलों को पिछड़ा नहीं, एस्पिरेशनल माना। आज ये जिले अपने ही राज्यों के जिलों से बेहतर कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के बस्तर में जब पत्रकारों को वहां जाना पड़ता था। तब प्रशासन से ज्यादा दूसरे दलों से वहां जाने की परमिशन लेनी पड़ती थी। अब वहां के युवा बस्तर ओलंपिक का आयोजन कर रहे हैं। पूरे देश में माओवादवाद, नक्सलवाद का दायरा तेजी से सिमट रहा है। कांग्रेस में ये लगातार बढ़ रहा था।

भारत के 94 करोड़ लोग सोशल सिक्योरिटी के दायरे में आ चुके हैं। 10 साल पहले केवल 25 करोड़ इसके दायरे थे। केवल इनके पास सरकार की सामाजिक न्याय का फायदा पहुंच रहा था। हमने केवल इसका दायरा नहीं बढ़ाया। हम लगातार सेचुरेशन पर काम रहे हैं।

## सम्पादकीय

# आरक्षण में क्रीमी लेयर, सीजेआई गवई के बयान से फिर शुरू हुई बहस

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने अनुसूचित जाति आरक्षण में क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू करने की आवश्यकता को लेकर जो विचार व्यक्त किए, वे नए नहीं हैं। वे इसके पहले भी ऐसा कह चुके हैं। तथ्य यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले अनुसूचित जाति-जनजाति के आरक्षण में उपवर्गीकरण को मान्यता प्रदान की थी। सुप्रीम कोर्ट की इस पीठ में न्यायाधीश गवई भी थे। स्पष्ट है कि वे इसके प्रबल पक्षधर हैं कि क्रीमी लेयर का जो सिद्धांत अन्य पिछड़ा वर्ग अर्थात ओबीसी आरक्षण में लागू है, वही अन्य आरक्षित वर्गों यानी अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में भी लागू किया जाए। यह स्वाभाविक है कि उनके इस कथन पर अलग-अलग राय सामने आएगी और एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने के उनके विचार की आलोचना भी होगी, लेकिन न्याय और नीति यही कहती है कि आरक्षण की व्यवस्था को इस तरह लागू किया जाए कि पात्र लोगों को ही उसका लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके। ऐसा तब होगा, जब वंचित वर्गों के समर्थ यानी क्रीमी लेयर वाले लोगों को आरक्षण का लाभ रोने से रोका जाएगा। एसी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाए जाने के पक्ष में न्यायाधीश गवई ने यह बिल्कुल सही कहा कि आइएएस और गरीब मजदूर के बेटों को एक जैसा नहीं माना जा सकता।

यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि आरक्षण का उद्देश्य वंचित एवं पिछड़े तबकों के उन लोगों के उत्थान के विशेष प्रयत्न किए जाना है, जो वास्तव में सामाजिक रूप से पिछड़े हुए हैं। आम तौर पर सामाजिक रूप से ऐसे पिछड़े लोग आर्थिक रूप से भी कमजोर होते हैं। आरक्षण में क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू करने के विरोध में यह तर्क दिया जाता है कि आरक्षित वर्ग के किसी व्यक्ति के उच्च पद पर पहुंच जाने के बाद भी कई बार उसे उपेक्षा या भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इस तर्क को खारिज नहीं किया जा सकता, लेकिन इससे यही तो सिद्ध होता है कि आरक्षण सामाजिक विषमता और आर्थिक असमानता दूर करने का एकमात्र उपाय नहीं है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में कमजोर वर्गों के तमाम लोग बिना आरक्षण सामाजिक-आर्थिक रूप से सक्षम बने हैं। आरक्षण वास्तव में पात्र यानी कमजोर लोगों के ही उत्थान में सहायक बने, इसके लिए अन्य उपायों के साथ जैसे एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण को मान्य किया गया, वैसे ही क्रीमी लेयर के सिद्धांत को भी अपनाया जाना चाहिए। इसी क्रम में यदि आरक्षित वर्गों के वे समर्थ लोग जो आरक्षण का लाभ लेकर उच्च पदों पर पहुंच चुके हैं, स्वेच्छा से उसका परित्याग करें तो सकारात्मक माहौल का निर्माण होगा और मुख्य न्यायाधीश ने जो विचार व्यक्त किए, उन्हें और बल मिलेगा।



## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 18 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1727 - महाराजा जय सिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की। शहर के वास्तुकार बंगाल के विद्याधर चक्रवर्ती थे।
- 1738 - फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1833 - हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेन संधि पर हस्ताक्षर।
- 1772 - पेशवा माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने गद्दी संभाली।
- 1909 - अमेरिका ने निकारागुआ पर हमला किया।
- 1918 - उत्तरपूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1948 - बिहार की राजधानी पटना के निकट स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
- 1951 - ब्रिटिश सेना ने मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर क़ब्ज़ा किया।
- 1956 - मोरक्को ने स्वतंत्रता हासिल की।
- 1959- आईएनएस विराट को ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया था।
- 1972 - बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया।
- 1994 - संयुक्त राष्ट्र ने फ़िलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता प्रदान की।
- 2002 - संयुक्त राष्ट्र हथियार निरीक्षकों का पहला दल हैंस ब्लिक्स की अगुआई में बगदाद पहुँचा।
- इराक निशस्त्रीकरण संकट: हेंस ब्लिक्स के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र के हथियार निरीक्षकों का दल इराक पहुंचा।
- 2003 - श्वार्जेनेगर ने कैलीफ़ोर्निया के गवर्नर पद की शपथ ली।
- 2005 - प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे श्रीलंका के नये राष्ट्रपति निर्वाचित। ईराक में हुए बम विस्फोट में 44 लोगों की मृत्यु। उत्तर कोरिया के मानवाधिकार रिकार्ड पर संयुक्त राष्ट्र चिन्तित।
- 2008- केन्द्र सरकार ने वैश्विक आर्थिक मंदी से देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आधारभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये देने का निर्णय किया। बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व मंत्री नटवर सिंह को पार्टी से निष्कासित किया। सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त एमएखान का निलम्बन जारी रहने का आदेश दिया। भारत व मिश्र के बीच पाँच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

## विशेष आलेख

# सवालों के घेरे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद



डॉ. सत्यवान सौरभ

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1945-आधारित संरचना आज की बहुध्रुवीय और संघर्षग्रस्त दुनिया में शांति बनाए रखने में सक्षम नहीं रह गई है। वीटो शक्ति का राजनीतिक दुरुपयोग, अप्रतिनिधिक सदस्यता, कमजोर राजनीतिक निरंतरता, असंगठित शांति अभियानों और बड़े मानवीय संकटों पर निष्क्रियता ने ह्रस्ट को कठघरे में खड़ा कर दिया है। वैश्विक दक्षिण की बढ़ती असंतुष्टि और विश्व व्यवस्था में उभरते शक्ति-संतुलन इस संस्था की प्रासंगिकता पर प्रश्न उठाते हैं। संयुक्त राष्ट्र को अपनी वैधता और प्रभावशीलता बचाने के लिए गहरे, व्यावहारिक और कार्यात्मक सुधार अपनाने होंगे—अन्यथा शांति का यह सबसे बड़ा संरक्षक स्वयं प्रश्नों का केंद्र बन जाएगा।

पिछले सवालों के घेरे में खड़ा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद केवल एक संस्था का संकट नहीं है, बल्कि यह वैश्विक नैतिक नेतृत्व के क्षरण की बड़ी कहानी भी है। जब संयुक्त राष्ट्र का जन्म हुआ था, तब दुनिया दूसरी विश्वयुद्ध की राख से निकल रही थी और मानवता ने सामूहिक रूप से यह प्रण लिया था कि भविष्य में किसी भी बड़े युद्ध को रोका जाएगा। उस सपने का केंद्र था—सुरक्षा परिषद, जिसे शांति का संरक्षक, वैश्विक न्याय का प्रहरी और सामूहिक सुरक्षा का आधार माना गया। मगर आज, लगभग 80 वर्ष बाद, जब दुनिया यूक्रेन, गाज़ा, सूडान, यमन, म्यांमार और साहेल जैसे संघर्षों से दहक रही है, तब यह संस्था अक्सर मौन खड़ी दिखाई देती है।

यह मौन केवल असहायता का प्रतीक नहीं है, बल्कि उस संरचनात्मक कमजोरी का भी संकेत है जिसने वर्षों में इसकी विश्वसनीयता को खोखला कर दिया। जब दुनिया भर के नागरिक शांति की उम्मीद में इस संस्था की ओर देखते हैं, तब यह भू-राजनीतिक हितों की जकड़ में बंधी दिखाई देती है। यही कारण है कि आज शांति का सबसे बड़ा संरक्षक स्वयं सबसे बड़े सवालों का विषय बन गया है।

सबसे बड़ी समस्या है वीटो शक्ति से पैदा होने वाला शक्ति-असंतुलन। पाँच स्थायी सदस्य देशों के हाथों में केंद्रित यह शक्ति उन्हें किसी भी प्रस्ताव को रोकने का अधिकार देती है, भले वह प्रस्ताव मानवीय त्रासदी को रोकने जितना आवश्यक ही क्यों न हो। यही कारण है कि गाज़ा में हज़ारों बच्चों की मौतें हों, यूक्रेन में शहरों के शहर तबाह हो जाएँ, या म्यांमार में लोकतांत्रिक संस्थाओं का विनाश हो—सुरक्षा परिषद अक्सर पक्षाघात की स्थिति में दिखाई देती है। यह एक ऐसे दरवाज़े का दृश्य बन गया है जिसके बाहर सहायता की गुहार लगाने वाले लाखों लोग खड़े होते हैं, लेकिन उस दरवाज़े को खोलने की चाबी कुछ सीमित देशों के हाथों में होती है, जो अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक शांति से ऊपर रख देते हैं।

सवाल यहाँ से आगे बढ़ता है क्या शांति किसी राष्ट्र के हितों से छोटी हो सकती है? क्या हत्या और भूख से जूझते लोग किसी स्थायी सदस्य की भू-नीति के कारण मृत्यु के लिए छोड़ दिए जाएँ? क्या संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक संगठन का उद्देश्य केवल औपचारिक बयान देना रह गया है? ये प्रश्न आज तीखे होते जा रहे हैं, क्योंकि दुनिया भर में मीडिया, नागरिक समाज और शांति विशेषज्ञ लगातार यह महसूस कर रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र की नैतिक शक्ति का क्षरण हो चुका है।

दूसरी समस्या है इस संस्था की संरचना का अप्रतिनिधिक होना। दुनिया 1945 से अब पूरी तरह बदल चुकी है, लेकिन ह्रस्ट की संरचना लगभग जड़वत है। अफ्रीका, जो संघर्षों का केंद्र भी है और शांति के लिए सर्वाधिक योगदान भी देता है, उसका कोई स्थायी प्रतिनिधि नहीं है। भारत जैसा विशाल लोकतंत्र, जिसके योगदान शांति रखरखाव से लेकर मानवीय सहायता तक व्यापक हैं, उसे भी अब तक स्थायी सदस्यता नहीं मिली है। यह एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था का संकेत है जो वास्तविकता से कट चुकी है। जहाँ वैश्विक शक्ति-मानचित्र बदल गया है—चीन का उदय हुआ, भारत आर्थिक व राजनीतिक रूप से नई ऊँचाइयों पर पहुँचा, अफ्रीका उभरती संभावनाओं का महाद्वीप बन गया, लातिन अमेरिका राजनीतिक रूप से अधिक मुखर हुआ वहाँ सुरक्षा परिषद अब भी 1945 की मानसिकता में फंसी है। परिणामस्वरूप, कई देश इसे वैध के बजाय केवल पुरानी व्यवस्था का अवशेष समझने लगे हैं।

तीसरी समस्या है शांति अभियानों की राजनीतिक विफलता। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों ने कई जगह हिंसा को रोका जरूर, परंतु राजनीतिक स्थिरता नहीं ला सके। यह ऐसा था मानो किसी टूटते हुए घर की दीवार पर रंग तो कर दिया जाए, लेकिन दरारों की मरम्मत न की जाए। शांति केवल बंदूकें शांत कर देने से नहीं आती; यह आती है संवाद, समावेशन, शासन-सुधार और समाज के भीतर विश्वास पैदा करने से। लेकिन संयुक्त राष्ट्र का तंत्र शांति स्थापना और राजनीतिक समाधान को एकीकृत नहीं कर पाता।

उदाहरण के लिए, कई अफ्रीकी देशों में शांति सेना लगाने के बाद राजनीतिक मार्गदर्शन का अभाव रहा, जिसके कारण थोड़े समय बाद हिंसा फिर भडक़ उठी। यह विफलता केवल संसाधन या क्षमता की नहीं, बल्कि दृष्टि-हीन रणनीति की भी है।

चौथी समस्या है निरंतरता का अभाव। एनएससी अक्सर केवल संकट की शुरुआत में सक्रिय होता है, लेकिन जब स्थिति स्थिर होने लगती है, तब उसकी उपस्थिति कम हो जाती है। इससे संघर्षग्रस्त देश राजनीतिक संक्रमण के बीच झूलते रह जाते हैं। यह अधूरी शांति का निर्माण करता है, जिसका अंत प्रायः नई हिंसा में होता है।

पाँचवीं समस्या है इन विफलताओं के कारण संयुक्त राष्ट्र के प्रति भरोसे का क्षरण। आज वैश्विक दक्षिण में यह धारणा तेजी से बढ़ रही है कि सुरक्षा परिषद कुछ देशों की राजनीतिक लड़ाई का मैदान बन गया है। यही कारण है कि अफ्रीकी संघ, आसियान, अरब लीग और यूरोपीय संघ जैसे क्षेत्रीय संगठन अपने-अपने सुरक्षा ढाँचे मजबूत कर रहे हैं, और यह प्रवृत्ति संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को सीमित करती जा रही है।

इन सबके बीच प्रश्न उठता है क्या समाधान है? क्या एनएससी को बदलने की जरूरत है? या उसे पुनर्जीवित करने की?

# आरक्षण: अधिकार की विरासत या बदलते समय की माँग?



प्रो. आरके जैन

*गवई ने वर्षों पुराने इंद्रा साहनी (मंडल आयोग) के सिद्धांतों को याद दिलाया अगर ओबीसी समुदाय के भीतर क्रीमी लेयर की पहचान संभव है, तो एससी समुदाय के भीतर इसकी बात करना कोई 'वर्जित क्षेत्र' क्यों माना जाए? असहमति की आहटें उठती रहीं।*

कभी-कभी किसी राष्ट्र के भीतर एक ऐसी हलचल जन्म लेती है, जो शोर से नहीं, बल्कि उसकी शांत लेकिन निर्णायक कंपन से पहचानी जाती है—एक ऐसी कंपन, जो यह बता देती है कि सत्य अब और दबा नहीं रह सकता। यह वह सच होता है जिसे हर आंख महसूस तो करती है, पर जिसे आवाज देने का साहस बहुत कम लोगों में होता है। इसी तरह की एक कंपन अमरावती की उस सभा में गूँजी, जब मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने आरक्षण की क्रीमी-लेयर अवधारणा को अनुसूचित जातियों तक विस्तारित करने की आवश्यकता पर अपने विचार प्रकट किए। यह कोई साधारण टिप्पणी नहीं थी यह हमारे सामाजिक न्याय की जड़ों में धँसे उस पुराने, अनसुलझे प्रश्न पर डाली गई तेज़, लगभग निर्विकार रोशनी थी। ऐसी रोशनी, जो सहज नहीं होती जो आंखों को चुभ सकती है, क्योंकि वह उन हिस्सों को उजागर करती है जिन्हें देखने से समाज अक्सर कतराता है। भारतीय लोकतंत्र में आरक्षण का इतिहास कभी सीधी राह नहीं रहा। यह एक ऐसी चोट का उपचार था, जो सदियों की व्यवस्था ने दी थी एक ऐसा घाव, जिसका दर्द आज भी देश के कई हिस्सों में महसूस किया जा सकता है। लेकिन हर उपचार के भीतर एक प्रश्न छिपा रहता है क्या मरहम वहीं लगाया जा रहा है, जहाँ सबसे ज़्यादा घाव है? इसी प्रश्न को गवई ने निर्भीक आवाज़ दी। उनका तर्क सरल नहीं, पर सटीक था एक आईएएस अधिकारी के बच्चे और एक भूमिहीन मजदूर के बच्चे को एक ही स्तर पर रख देना न्याय नहीं, बल्कि न्याय का छलावा है। आरक्षण का ध्येय अवसरों के बीच की गहरी दरारें भरना है, न कि उन समूहों को स्थायी लाभ सौंप देना, जो समय के साथ खुद भी शक्ति-संपन्न हो चुके हैं। गवई ने वर्षों पुराने इंद्रा साहनी (मंडल आयोग) के सिद्धांतों को याद दिलाया अगर ओबीसी समुदाय के भीतर क्रीमी लेयर की पहचान संभव है, तो एससी समुदाय के भीतर इसकी बात करना कोई 'वर्जित क्षेत्र' क्यों माना जाए? असहमति की आहटें उठती रहीं, आलोचनाओं के स्वर भी तीखे हुए, पर गवई का संदेश धुँधला नहीं हुआ आरक्षण किसी उपाधि की विरासत नहीं, वंचितों की मिट्टी से जन्मा अधिकार है। और वह अधिकार उसी के पास रहना चाहिए, जो सचमुच वंचित है; न कि उसके पास, जो धीरे-धीरे उसी पीड़ा-पीडित समाज के भविष्य पर भी अपनी उपलब्धियों की छाया डालने लगे। उनकी बात की गरिमा सिर्फ इसलिए नहीं बढ़ जाती कि वे देश के मुख्य न्यायाधीश थे। बल्कि इसलिए कि उन्होंने इसे अपने करियर के अंतिम सप्ताह में कहा जैसे सारी उम्र न्याय की सीढियों पर चढ़ते-चढ़ते आखिरी मोड़ पर वे वह शब्द कह रहे हों, जिन्हें वे देश के विवेक पर छोड़ जाना चाहते हैं। यह वक्तव्य किसी दबाव का, किसी भय का नहीं; यह उस व्यक्ति का सत्य था जिसने भारतीय न्याय प्रणाली को भीतर से महसूस किया है। इस बहस का सामाजिक आयाम बहुत व्यापक है। क्योंकि यह सिर्फ यह नहीं पूछती कि किसे आरक्षण मिलना चाहिए; यह वह असहज प्रश्न उठाती है कि किसे नहीं मिलना चाहिए।

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान

### गाय की रोटी



कल जब शर्मा जी शाम को घूम कर लौट रहे थे तो उन्होंने देखा कि एक गाय दो बछड़ों के साथ एक घर के दरवाजे पर खड़ी थी ,घर की मालकिन ने एक रोटी लाकर बछड़े को देने की कोशिश की तो गाय ने बछड़े को धकिया कर खुद रोटी खाने लगी। शर्मा जी ने देखा कि वह गाय हर घर में जाती और खुद रोटी खाती पर बछड़ों को दूर कर देती। शर्मा जी का मन बहुत भारी हो गया, सोचने लगे कि देखो कलियुग आ गया। गाय जिसे हम सबसे ज्यादा परोपकारी मानते हैं, वह भी कलियुग के प्रभाव में अपने बछड़ों को भूखा रखकर खुद रोटी खा रही है। कुछ देर बाद जब शर्माजी बाजार के लिए निकले तो उन्होंने देखा कि वो दोनों बछड़े अपनी माँ का दूध पी रहें हैं और वह गाय बड़े दुलार से उन्हें चाट रही है। शर्मा जी को सारा मामला समझ में आ गया। शर्मा जी जब उसके बाजू से निकले तो जैसे गाय उनसे कह रही हो क्यों शर्मा जी, अब समझ में आया कि वो सारी रोटी मैं क्यों खाती थी? ...ताकि हम तीनों जीवित रह सकें, मेरे दूध से मेरे दोनों बछड़े पल रहे हैं। अगर मैं रोटी नहीं खाती तो ये दूध कहाँ से निकलता और मेरे बच्चे कैसे पलते? शर्मा जी की आँखों में अब गाय और उसकी समझदारी के लिए अनन्य प्रेम भाव था।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# क्या मां से बच्चे को हो सकती है डायबिटीज

दरअसल, कई महिलाओं में प्रेगनेंसी के समय बॉडी इंसुलिन को ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाती है, जिससे गर्भकालीन मधुमेह हो जाता है। यह आमतौर पर डिलीवरी के बाद ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मामलों में मां और बच्चे दोनों के लिए खतरा भी बन सकता है। दरअसल, गर्भावस्था में बढ़ी हुई शुगर सिर्फ मां को ही नहीं, बल्कि बच्चे की हेल्थ पर भी असर डाल सकती है। हालांकि हर बच्चा डायबिटिक पैदा नहीं होता, लेकिन आगे चलकर उसके शुगर लेवल और स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव जरूर पड़ सकता है। इसी वजह से डॉक्टर बार-बार चेतावनी देते हैं कि प्रेग्नेंसी में शुगर को कंट्रोल में रखना बेहद जरूरी है। वहीं अगर मां इस दौरान अपनी शुगर कंट्रोल कर ले तो बच्चे को कोई दिक्कत नहीं होती और न ही भविष्य में डायबिटिक होने का खतरा ज्यादा होता है। बता दें कि शुगर प्लेसेंटा के जरिए बच्चे तक पहुंचती है ऐसे में बच्चा शुगर को बैलेंस करने के लिए ज्यादा इंसुलिन बनाता है। इस वजह से जन्म के बाद ऐसे बच्चे में आगे चलकर टाइप-2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है और ऐसे बच्चों में मोटापा और हार्मोनल असंतुलन की समस्या भी ज्यादा दिखाई देती है। गर्भधारण के समय शुगर बढऩा कितना आम है? आजकल यह बहुत आम हो चुका है। लगभग 10 में से 2-3 महिलाओं में गर्भकालीन मधुमेह देखा जाता है। इसके कारण होते हैं- हार्मोनल बदलाव, बढ़ता वजन, लाइफस्टाइल में कमी, आनुवंशिक कारण, पहले से इंसुलिन रेजिस्टेंस इसलिए डॉक्टर इसे एक कॉमन लेकिन सीरियस कंडीशन मानते हैं, जिसे समय रहते कंट्रोल करना जरूरी है।

**प्रेगनेंसी के दौरान कितना शुगर होना चाहिए? :** अब ये जान लेते हैं कि गर्भधारण के समय महिला का कितना शुगर लेवल होना सही है। जान लें कि फास्टिंग ब्लड शुगर (खाली पेट) 95 द्वद्द/स्त्ररु से कम होना चाहिए ।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आज आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय हो, तो उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आपको अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कोई टेंशन हो सकती है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपके घर-परिवार में चल रही समस्याएं भी काफी हद तक दूर होगी।

**मिथुन**
आज आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, क्योंकि अक्समात खराबी के कारण आपका खर्चा बढ़ सकता है। आप कहीं पिकनिक आदि पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं।

**कर्क**
आज आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है, क्योंकि वह बिजनेस को लेकर आपको कोई सलाह देंगे। आप अपने घर में नया काम शुरू कर सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपका पूजा-पाठ में खूब मन लगेगा,लेकिन आपके परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है।

**कन्या**
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उन्हें किसी नई जगह काम करने का मौका मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से आप सबक लेना होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, आप कहीं बाहर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं, जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे थे, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपनी बुद्धि का प्रयोग करके कोई निर्णय लेना होगा। रचनात्मक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपको बेवजह की भागदौड़ बनी रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके खिलाफ षड्यंत्र रच सकता है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम से अपने बॉस को खुश रखेंगे।

**कुंभ**
आज आपको अपने बढ़ते खर्चों को लेकर कंट्रोल करना होगा, क्योंकि आपका हाथ खुला रहेगा, जिससे आप किसी भी काम में आगे बढ़ेंगे। जो लोग किसी नए घर आदि की योजना बना रहे थे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो कोई गड़बड़ी हो सकती है। बॉस को आपकी कोई बात बुरी लगेगी।

## मांडकला से नगर फोर्ट को जोड़ने वाला रोड स्वीकृत कार्य प्रारंभ



**बढ़ता राजस्थान**

**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)** । नगर फोर्ट को मिनी पुष्कर मांडकला से जोडने वाला रोड जो कई समय से ऊबड़ खाबड़ और क्षतिग्रस्त स्थिति में था जिसे देवली उनियारा के विधायक श्री राजेन्द्र जी गुर्जर और देवली प्रधान बनवारी जी चौधरी की अभिशांश पर एस एफ सी योजना में स्वीकृत किया गया हे जिसकी स्वीकृत राशि 20 लाख रुपए हे इस रोड को अच्छी क्वालिटी में बनाया जा रहा हे ये जानकारी कार्य इंचार्ज शिव नंदन शर्मा ने दी कार्य पूर्ण होने पर मांडकला जाने वाले लोगों को धार्मिक स्थली पर पहुंचने में आसानी मिलेगी कार्य स्वीकृत होने पर कृष्णा पंडित राजेश राव,निखिल व्यास, जितेन्द्र सिंह, अरविन्द शर्मा, गोविंद नामा, हेमराज (कालू)माली, ज्ञान चंद कासलीवाल, आशीष जैन,बलवीर सिंह आदि ने खुशी व्यक्त की

## एनडीआरएफ का आपदा जागरूकता अभियान 28 नवम्बर तक

**बढ़ता राजस्थान**

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के निर्देशानुसार 6वीं एन.डी.आर.एफ. द्वारा जिले में 17 से 28 नवम्बर, 2025 तक व्यापक आपदा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की आपदाओं के समय जनहानि व नुकसान को कम करना, त्वरित बचाव उपायों की जानकारी देना तथा आमजन को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट संजय शर्मा ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 नवम्बर को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन, 19 नवम्बर को शहीद कैप्टन रिपुमदन महाविद्यालय सवाई माधोपुर, 20 नवम्बर को पंचायत समिति सवाई माधोपुर, 21 नवम्बर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शहर सवाई माधोपुर, 24 नवम्बर को रामेश्वर धाम खण्डार, 25 नवम्बर को संयुक्त मॉक अभ्यास (औद्योगिक रसायन) राजकीय महाविद्यालय खण्डार, 26 नवम्बर को बनास रपट के समीप ग्राम ओलवाड़ा, 27 नवम्बर को बनास नदी ग्राम देवली डिडायच तथा 28 नवम्बर को संयुक्त मॉक अभ्यास (औद्योगिक रसायन) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चौथ का बरवाड़ा में आपदा आधारित जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## महाविद्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला

**बढ़ता राजस्थान**

**उनियारा, टोंक (आनंद गौतम)।** राजकीय महाविद्यालय, उनियारा टोंक में सोमवार दिनांक 17 नवंबर 2024 को ईएलसी क्लब के अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म डिजिटलाईजेशन एवं गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।प्रभारी सुश्री दिव्या मीणा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की ऑनलाइन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यशाला का आयोजन एनएसएस इकाई द्वितीय श्री विशाल कांटिया के मार्गदर्शन में तथा ईएलसी एवं एनएसएस इकाई द्वितीय की प्रभारी सुश्री दिव्या मीणा के नेतृत्व में किया गया। प्रभारी दिव्या मीणा ने कहा कि देश में स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण और मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाए रखने के लिए यह पुनरीक्षण कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के आशीष कुमार यादव, डॉ मिनाली रमेश एवं समस्त स्टाफ मौजूद थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**बढ़ता राजस्थान**

**टोंक (का.स.)** । राजकीय महाविद्यालय टोंक में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाइयों और इलेक्शन लिटरेसी क्लब इएलसी के संयुक्त तत्वावधान में निर्वाचन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम सुधार, पते में परिवर्तन और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में स्पष्ट जानकारी देना था। कार्यशाला की शुरुआत प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा के संदेश से हुई। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी हैं और उन्हें चुनाव संबंधी प्रक्रियाओं की सही समझ होना जरूरी है। कार्यक्रम में इएलसी प्रभारी प्रो. शकीला नकवी ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, ऑनलाइन आवेदन प्रणाली और समयबद्ध तरीके से किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि कॉलेज स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को लगातार संचालित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक योग्य छात्र अपने नाम मतदाता सूची में जोड़ सकें। इएलसी पदाधिकारियों ने युवाओं को जागरूक मतदाता बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान मतदाता हेल्पलाइन ऐप, एनवीएसपी पोर्टल और संबंधित फॉर्म भरने की जानकारी भी हासिल की। इस अवसर पर प्रो. रजनी तसीवाल, डॉ. नीतू चौधरी, डॉ. मोहम्मद बाकिर हुसैन, डॉ. कन्हैया चावला, कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार मीना एवं डॉ. राजकुमार मीना आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बढ़ता राजस्थान**



**टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)** । तहसील मुख्यालय के वार्ड नंबर 2 निवासी 19 वर्षीय युवक विशाल पुत्र शंकर जाती कलाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक विशाल चारनेट रोड से आ रहा था जिसकी अज्ञात वाहन से टक्कर होने के कारण घायल हो गया परिजन उसको उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए हालत खराब होने से टोंक रेफर कर दिया गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई युवक की मौत पर पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई ।माता पिता और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# लोकतंत्र तब ही मजबूत जब संस्थाएं मजबूत हो, भाजपा ने संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया : पायलट

**बढ़ता राजस्थान**



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। विश्वभर में भारत के लोकतंत्र की मिसाल दी जाती थी। पहले के समय में निर्वाचन आयोग पहाड़ों पर, रेगिस्तान में, सरहद पर जहां गांव-ढाणी में यदि एक, दो वोट ही है, तो भी उन तक पहुंचने के लिए मीलों पैदल चलकर जाता था, ताकि वहां रहने वाला एक भी व्यक्ति मतदान से वंचित ना रह जाये, इस भावना के साथ चुनाव आयोग काम करता था। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब संस्थाएं मजबूत होती है। परन्तु आज केन्द्र की भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं में सेंधमारी करके लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है। सचिन पायलट ने सोमवार को टोंक जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में सतर्कता के लिए लगाये गये कांग्रेस पार्टी के बीएलए के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने कई राज्यों की मतदाता सूचियों की जांच करवाकर उनमें पायी गई त्रुटियों को उजागर किया है। ये त्रुटियां अनजाने में नहीं हुई है, ये जान-बूझकर साजिशन की गई गलतियां है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया में संशोधन करके इसको लचर करने का काम किया। भाजपा की सरकार ने बिहार में चलते चुनाव के बीच प्रत्येक महिला के खाते में 10-10 हजार रूपये डालने का काम किया और चुनाव आयोग मूकदर्शक बनके बैठा रहा। इससे साफ जाहिर है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा, देश बदलने से पहले स्वयं को बदलना होगा। श्री पायलट ने कहा कि हमें सक्रिय रहकर सतर्कता के साथ मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करना होगा। कार्यक्रम के बाद पायलट ने टोंक में नवनिर्मित गहलोद पुल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि गहलोद पुल, न्यू हॉस्पीटल समेत टोंक के वृहद प्रोजेक्ट निर्मित होकर तैयार है। उन्होंने प्रशासन से कहा कि सरकार से आग्रह करके तैयार प्रोजेक्ट्स का शीघ्र लोकार्पण कर जनता को सुर्पुद करें। प्रशिक्षण शिविर को टोंक जिला संगठन प्रभारी व आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, टोंक विधानसभा प्रभारी डॉ. सुमित गर्ग, जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, संगठन महासचिव दिनेश चौरसिया ने भी शिविर को संबोधित किया। इस मौके पर पीसीसी सदस्य सऊद सईदी, हंसराज फागणा, महेन्द्र खेड़ी, हंसराज गाता, चन्द्रकला गुर्जर, रामलाल संडीला आदि मौजूद थे।

## परिवहन विभाग की नई व्यवस्थाः अब वाहन चालक नहीं बना सकेंगे कोई बहाना

**बढ़ता राजस्थान**



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य के परिवहन विभाग ने अपनी सेवाओं को और अधिक पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब विभाग के बनाए जाने वाले ट्रैफिक चालान सीधे वाहन मालिकों के व्हाट्सएप और ई-मेल पर उपलब्ध होंगे। इससे चालान प्रक्रिया न केवल तेज होगी बल्कि चालान न मिलने के बहाने भी समाप्त हो जाएंगे। परिवहन विभाग के अनुसार, पिछले कुछ समय से कई वाहन मालिक चालान प्राप्त न होने का तर्क देते रहे हैं, जिसके कारण जुर्माने की वसूली और कानूनी कार्रवाई में देरी होती थी। नई डिजिटल व्यवस्था लागू होने के बाद जैसे ही चालान बनेगा, उसकी कॉपी संबंधित वाहन मालिक को तुरंत भेज दी जाएगी।

**24 नवंबर तक अपडेट करना अनिवार्य :** परिवहन विभाग के अनुसार, इस व्यवस्था का लाभ लेने के लिए वाहन मालिकों को अपने वाहन की आरसी में दर्ज मोबाइल नंबर और ई-मेल आइडी को 24 नवंबर तक अपडेट करना अनिवार्य किया गया है। अपडेट प्रक्रिया के लिए वाहन मालिकों को पंजीयन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पंजीयन की तारीख और पंजीयन समाप्ति की तारीख पोर्टल पर भरनी होगी। इसके बाद नया मोबाइल नंबर और ई-मेल दर्ज कर रिकॉर्ड अपडेट किया जा सकेगा।

**चालान प्रक्रिया को पूरी तरह होगी पारदर्शी :** परिवहन विभाग का मानना है, यह कदम डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूती देगा, ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करेगा और चालान प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने में मदद करेगा।

## भास्कर स्कूल का स्काउट दल लखनऊ रवाना



**बढ़ता राजस्थान**

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** स्थानीय विद्यालय भास्कर पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय टोंक का 9 सदस्यीय दल 19 वी राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी में भाग लेने लखनऊ जायेगा। विद्यालय निदेशक श्री गोविन्द शर्मा ने बताया कि विद्यालय का एक दल लखनऊ में दिनांक 23 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक आयोजित 19 वी राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगा ।

प्रधानाचार्य श्री ओम प्रकाश बैरवा ने बताया कि विद्यालय का दल श्री कपिल शर्मा, स्काउट मास्टर के नेतृत्व में 8 स्काउट भाग लेंगे। स्काउट दल में नितेश कुमार, वंश प्रताप, हेमंत कुमार,यश प्रताप, आशुतोष, अर्जुन , आदित्य एवं आशीष शामिल हैं।

इस अवसर पर सी ओ स्काउट एवं गाइड टोंक श्रीमती आचू मीणा,ए एल टी श्री बनवारी लाल बैरवा, श्री चन्द्र प्रकाश कुर्मी,राम प्रकाश कुमावत, प्रेम प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे एवं सभी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

## महिला अधिकारिता विभाग टोंक ब्लॉक -उनियारा द्वारा बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया



**बढ़ता राजस्थान**

**उनियारा,टोंक(आनंद गौतम)।** सहायक निदेशक महिला अधिकारिता टोंक के निर्देशानुसार दिनांक 17 नवंबर 2025 को उनियारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिलासपुर में बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान एक से दो वर्षीय 5 बच्चियों फूल माला पहनाकर मुंह मीठा करवाया गया तथा बेबी किट्स व लाडो योजना के संकल्प पत्र वितरित किए गये। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित कर उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना है। इस दौरान महिला अधिकारिता विभाग से उनियारा ब्लॉक सुपरवाइजर नरेश मीणा, बिलासपुर ग्राम साथिन साबूती मीणा, एएनएम गीता माली , सहायिका मनभर सैनी व ग्रामीण महिलाएं आदि उपस्थित थीं।

## अकबर खान ने पायलट को सौंपा ज्ञापन

**बढ़ता राजस्थान**



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव, टोंक विधायक सचिन पायलट सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर टोंक आये, जहां पर रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एंव कांग्रेस जिला महासचिव अकबर खान ने केबिनों के सहारे अपना जीवन यापन कर रहें मजदूरों से उनकी केबिनों को बिना किसी सूचना के नगर परिषद द्वारा तोडफ़ोड़ करने को लेकर सचिन पायलट को ज्ञापन सौंपा है। अकबर खान ने पायलट को अवगत कराया है कि टोंक नगर परिषद द्वारा बिना किसी सूचना के मजदूरों की केबिनों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर के केबिनों के सहारे अपना जीवन यापन कर रहें मजदूरों से उनकी रोजी रोटी छीनने का कार्य किया जा रहा है, जिस पर पायलट ने अकबर खान को आश्वस्त करते हुए कहा कि बिल्कुल हम बात करके इन मजदूरों को राहत पहुँचाने का काम करेंगे। अकबर खान ने पायलट को 51 किलो की माला व ज़बरदस्त आतिशबाजी के साथ स्वागत भी किया। इस अवसर पर आसिफ खांन, कयामउद्दीन रंगरेज, शंकर, मुकेश, गिरराज, गणेश, रईस, रिजवान, सीताराम, राहुल, बाबू लाल, संजय, राकेश एवं रोहित आदि मौजूद थे।

## यूथ लीड एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज पर परीचर्चा आयोजन

**बढ़ता राजस्थान**

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** डॉ. अम्बेडकर टी.टी. कॉलेज, टोंक में भारत स्काउट/गाइड द्वारा शुरू कार्यक्रम यूथ लीड एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज के बारे में रेंजर ट्रेनर तनिषा कुमावत ने सी.ओ. गाईड आचु मीणा के निर्देश में महाविद्यालय में एक सेशन का आयोजन किया, जिसमें जलवायु परीवर्तन के कारण बढ़ते प्रदूषण के कारण एवं इसके रोकथाम के विषय पर महाविद्यालय के छात्रध्यापक एवं छात्राध्यापकों से चर्चा की, उन्होने सभी को अधिक से अधिक वृष लगाकर उनको पालन करने तथा कपड़े के थेले का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए कहा तथा वर्तमान में बड़ रहे प्रदूषण को रोकने में सहयोग देने का आहवान किया।

**हाथों में तिरंगा, भारत माता के जयघोष और सरदार पटेल अमर रहे नारों से देशभक्तिमय बना माहौल**

# सरदार वर्ष150 यूनिटी मार्च : चौथ का बरवाड़ा में हजारों लोगों ने निभाई भागीदारी

**बढ़ता राजस्थान**



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार माय भारत इनिशिएटिव के तहत सोमवार को गुडला के बालाजी से ट्रस्ट धर्मशाला तक जिले की द्वितीय सरदारञ्च150 यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया गया। राज्य संयोजक एवं खण्डार विधायक जितेंद्र गोठवाल तथा जिला कलक्टर काना राम ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत की। सरदारञ्च150 पदयात्रा एस्सार पेट्रोल पंप, उपखण्ड कार्यालय, सब्जी मंडी, मुख्य बाजार और भेड़ोला चौराहा होते हुए ट्रस्ट धर्मशाला पहुँचकर सम्पन्न हुई। पदयात्रा से पूर्व 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर व जनप्रतिनिधियों द्वारा अर्जुन व करंज सहित विभिन्न पौधों का रोपण किया। प्रतिभागी युवाओं को 'मेरा युवा भारत' की टी-शर्ट वितरित की गई। वंदे मातरम के साथ आरंभ हुए मार्च में युवाओं ने तिरंगा लहराते हुए भारत माता, सरदार पटेल और आजादी के नारे लगाकर देशभक्ति का माहौल सृजित कर दिया। भारत माता, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और चंद्रशेखर आज़ाद के रूप में सजे युवाओं ने रैली में विशेष आकर्षण बटोरा।विधायक जितेंद्र गोठवाल ने अपने संबोधन में भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर से 6 दिसंबर तक आयोजित सरदारञ्च150 कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि सरदार पटेल की दृढ़ इच्छा शक्ति और संघर्ष के कारण ही भारत एक सशक्त, संगठित राष्ट्र बन सका। उन्होंने युवाओं से स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने कहा कि सरदार पटेल का भारत के एकीकरण में योगदान अतुलनीय है, और उनका संदेश गांव-गांव व ढाणी-ढाणी तक पहुँचाना आज की आवश्यकता है। जिला कलक्टर काना राम ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प पर आगे बढने की प्रेरणा दी। कलक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को नशामुक्ति और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। वहीं खण्डार विधायक ने सभी को आत्मनिर्भर भारत के तहत स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी जोगिंदर सिंह, तहसीलदार नीरज सिंह, विकास अधिकारी इंद्र मीणा, खण्डार प्रधान नरेंद्र चौधरी, चौथ का बरवाड़ा प्रधान शशिकला, बौंली प्रधान कृष्णा पोसवाल, समाजसेवी बाबूलाल, भरतलाल मथुरिया, सुरेशचन्द जैन सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और अधिकारी उपस्थित रहे।

# पावटा उपजिला अस्पताल को लेकर फिर उठी विवाद की चिंगारी

## 10 माह बाद विधायक धनखड़ के नए बयान से क्षेत्रवासियों में पुनः असंतोष

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )** । कस्बे में उपजिला अस्पताल को लेकर पिछले एक वर्ष से चल रहा विवाद एक बार फिर गरमाता दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा के उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत होने की घोषणा पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। लेकिन इसके कुछ समय बाद आंतेला स्थित एक निजी होटल में कार्यकर्ताओं से चर्चा के दौरान विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा पावटा में उपजिला अस्पताल के लिए पर्याप्त भूमि नहीं होने की बात कहते हुए इसे लाडाकाबास क्षेत्र में बनाने का सुझाव दिया, जिससे पावटा क्षेत्र में भारी नाराजगी फैल गई। इस बयान के बाद लगभग 20 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना चला, जिसका नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला करते रहे। इस आंदोलन में पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, भांकरी सरपंच मेहर सिंह धनकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जनता के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए विधायक धनकड़ को 21 दिसंबर 2024 को पावटा पंचायत समिति सभागार में बैठक करनी पड़ी, जहाँ उन्होंने जनभावनाओं के सम्मान में उपजिला अस्पताल पावटा में ही बनवाने की घोषणा की। इसके साथ ही अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया गया। धरना संयोजक ओपी बायला व अन्य जनप्रतिनिधियों ने इसे जनता की जीत बताया था लेकिन लगभग 10 माह 27 दिन बाद, सोमवार को पावटा उपजिला अस्पताल में आयोजित एमआरएस बैठक के दौरान विधायक धनकड़ ने पुनः प्रेस से बातचीत में पावटा में भूमि की कमी बताते हुए उपजिला अस्पताल को किसी अन्य स्थान पर स्थापित करने और ग्रामीणों के साथ फिर से चर्चा करने की बात कही।

विधायक के नए बयान ने क्षेत्रवासियों में फिर से चर्चा और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है। सोशल मीडिया पर उनका यह बयान तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे पिछले आश्वासन से विपरीत बताते हुए सवाल उठा रहे हैं। पिछले वर्ष पावटा उपजिला अस्पताल के यथास्थान निर्माण की मांग को लेकर शहर के घंटाघर स्थित अनाज मंडी में अनिश्चितकालीन धरना दिया गया था। इस दौरान पूर्व




विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा था कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरी है और शांतिपूर्ण आंदोलन ने 19 दिनों बाद सफलता पाई है। धरना संरक्षक सुरेश शर्मा, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड़, सुशील योगी, ओमपाल सिंह सहित अन्य ग्रामीण नेताओं ने इसे आमजन की जीत बताया था। धरना संयोजक ओपी बायला ने शांतिपूर्ण आंदोलन में सहयोग देने हेतु समिति सदस्यों, व्यापार मण्डल, पुलिस प्रशासन और मीडिया का धन्यवाद दिया था। विधायक के ताज़ा बयान के बाद पावटा में उपजिला अस्पताल की लोकेशन को लेकर एक बार फिर असमंजस की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सरकार और जनप्रतिनिधि स्पष्ट निर्णय नहीं लेते तो स्थिति पुनः आंदोलन की ओर बढ़ सकती है।

## पावटा उपजिला अस्पताल में एमआरएस को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

### विधायक कुलदीप धनकड़ सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** उपजिला अस्पताल में सोमवार को एमआरएस (मेडिकल रिलेटेड सर्विसेज) व्यवस्था की समीक्षा एवं अस्पताल की वर्तमान चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की दैनिक कार्यप्रणाली, प्रशासनिक कार्य, मरीजों की संख्या, उपकरणों की उपलब्धता और भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अस्पताल में बढ़ती मरीज संख्या को देखते हुए चिकित्सा सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। विधायक धनकड़ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का यह प्रमुख उपजिला अस्पताल होने के कारण इसकी सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जाना आवश्यक है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश साहरण ने व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं संसाधनों के समन्वय को बेहतर बनाने पर जोर दिया। जिला सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह ने जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से चल रही योजनाओं, उपलब्ध मानव संसाधन, औषधि वितरण व्यवस्था तथा अस्पताल सुधार कार्यों से जुड़े प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि पावटा उपजिला अस्पताल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र है और इसके विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। पावटा उपजिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. रवि बंसल ने अस्पताल की वर्तमान स्थिति, सुविधाओं, चुनौतियों और आवश्यक संसाधनों की विस्तृत रिपोर्ट बैठक में रखी। उन्होंने कहा कि विभागीय सहयोग बढ़ने से सेवाओं में तेजी से सुधार किया जा सकता है। इसके साथ ही नर्सिंग स्टाफ के रंगलाल, बाबूलाल, जीताराम सहित अन्य कर्मचारी भी बैठक में मौजूद रहे। स्टाफ ने एमआरएस प्रणाली के संचालन, वार्ड व्यवस्था, मरीज देखभाल और दैनंदिन चिकित्सकीय कार्यों से जुड़े सुझाव साझा किए। बैठक के अंत में सभी अधिकारियों ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए संयुक्त प्रयास की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया।

## श्रीनिधि ने स्केटिंग में जीता गोल्ड व सिल्वर पदक

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की छात्रा एम. डी. श्रीनिधि ने राष्ट्रीय स्तर की स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक अर्जित किया है। यह प्रतियोगिता आइ एस एस ओ-इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स आर्गनाइजेशन द्वारा अहमदाबाद में भव्य रूप से आयोजित की गई। प्रतियोगिता में एम.डी.श्रीनिधि ने अंडर 11, 500 मीटर श्रेणी में (इनसाइड स्केटिंग रिंग) रजत पदक तथा अंडर 11, रोड रेस 1500 मीटर श्रेणी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रबंधन के प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने एम. डी. श्रीनिधि के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए उनकी मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रतिभा की सराहना की।

## रीको के धोइन्दा औद्योगिक क्षेत्र में 14 भूखण्डों की ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) द्वारा राजसमन्द के धोइन्दा औद्योगिक क्षेत्र स्थित 14 औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी प्रक्रिया 17 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ हो गई है। ये भूखण्ड 298 वर्गमीटर से 3982 वर्गमीटर आकार के हैं।

इकाई प्रभारी आर के गुप्ता ने बताया कि ई-नीलामी में भाग लेने के लिए उद्यमियों को पंजीयन एवं अमानत राशि का ऑनलाइन भुगतान 17 नवम्बर 2025 सुबह 10 बजे से 1 दिसम्बर 2025 सांय 6 बजे तक रीको की वेबसाइट पर जमा कराना होगा। पंजीकृत उद्यमी 2 दिसम्बर 2025 प्रातः 10 बजे से 4 दिसम्बर 2025 शाम 5 बजे तक ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक राधा किशन गुप्ता के अनुसार नीलामी नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

# दो दिवसीय पुष्प बाल मेला सम्पन्न,मेले में दी बच्चों ने धमाकेदार प्रस्तुतियाँ

### हाउज़ी, लकी ड्रॉ के साथ शहरवासियों ने खरीदारी व फूड स्टॉल का भरपूर आनंद

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री देवेन्द्र धाम ट्रस्ट की ओर से महाश्रमणी पुष्पवती जी म.सा. की जन्म जयंती एवं बाल दिवस के उपलक्ष्य में देवेन्द्र धाम परिसर में आयोजित दो दिवसीय पुष्प बाल मेला सम्पन्न हुआ। मेल में बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों, मनोरंजक प्रतियोगिताओं, महिलाओं के लिए आयोजित 'जैन मेगा हाउसी' और 'बंपर लकी ड्रॉ' ने मेले के वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया। 'बड़ी संख्या में शहरवासियों ने खरीदारी स्टॉल्स पर जमकर खरीदारी की तथा फूड स्टॉल्स के विविध व्यंजनों का स्वाद लेते हुए मेले का आनंद उठाया।'

श्री देवेंद्र धाम ट्रस्ट की कार्यकारी अध्यक्ष रजनी डांगी ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में उदयपुर शहर की अनेक प्रमुख हस्तियों ने उपस्थित होकर मेले की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में वैदेही सिंह चैहान (सीनियर सिविल जज), बंसीलाल खटीक (पूर्व विधायक राजसमंद), चंद्रसिंह कोठारी (पूर्व महापौर), रोशनलाल जैन (श्रीसंघ अध्यक्ष), गणेशलाल गोखरू (ट्रस्टी), अतुल चण्डालिया (समाजसेवी), मनीष एवं विजयलक्ष्मी गलुंडिया, किरण जैन (चेयरमैन-महिला समृद्धि बैंक), सुषमा कुमावत (पूर्व सदस्य महिला आयोग), चंद्रगुप्त सिंह चैहान (पूर्व



जिला अध्यक्ष ग्रामीण भाजपा) तथा राजेंद्र सुराणा (अध्यक्ष लघु उद्योग भारती)' सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

इसके साथ ही समाज के वरिष्ठ सदस्यों 'हिम्मत बडाला, शंकरलाल डांगी, जितेंद्र बाबेल, निर्मल गोखरू, नरेंद्र सेठिया, आकाश बागरेचा, किरण तातेड़ और दीपक शर्मा' की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। 'महिला मंडल' से 'ऐश्वर्या पगारिया, संध्या नाहर, सुमित्रा सिंघवी, इंदिरा चोरड़िया, नीता छाजेड़, ललिता सिंघवी, हेमलता सिंघवी, वनीता पामेचा, पुष्पा सुराणा, रेखा चोरड़िया, नयना जैन, दर्शना सिंघवी, रंजन चाजेड़, कुसुम डांगी, मोनिका नाहर, पुष्पा जैन , किरण पोरवाल आदि' ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

'ब्राह्मी महिला मंडल' द्वारा 'वन मिनट परफॉर्मेंस, स्मार्ट बेबी फोटो बूथ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया, वहीं 'देवेंद्र महिला मंडल' ने महिलाओं के लिए 'जैन मेगा हाउसी' का कुशल संचालन किया। कार्यक्रम का मंच 'संचालन डॉ. स्नेहा बाबेल' द्वारा प्रभावी एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया गया।

## एकलिंग नाथ सेवा संगठन शिशवी शाखा का शुभारंभ, सर्व समाज सामूहिक विवाह की भी तैयारिया

### विवाह समारोह के लिए बोहरा गणेशजी को दिया प्रथम न्यौता



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन उदयपुर की ओर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुराबड तहसील के गांव शिशवी में भी सेंटर का शुभारंभ किया गया है। इसी के साथ संगठन द्वारा 23 जनवरी 2026 को बसंत पंचमी के मौके पर होने वाले सर्वसमाज निशुल्क सामूहिक विवाह तथा तुलसी विवाह की तैयारियां भी शुरु कर दी गई है। संगठन के सदस्यों ने मंदिर जाकर बोहरा गणेशजी को प्रथम न्यौता दिया। श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि संगठन द्वारा चलाए जा रहे नारी वैभव मुहिम के तहत महिलाओं को सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण देने के लिए कुराबड तहसील के शिशवी गांव में नए सेंटर का शुभारंभ किया गया है, जहां बडी संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर अध्यापक बंशीलाल रेबारी अध्यापक, सचिव राजेंद्र पुरोहित, सरपंच किशन लाल, पूर्व सरंपच कैलाशमल, जोधा सिंह, अमर सिंह, दीपक प्रजापत, विशाल प्रजापत आदि उपस्थित थे। इस मौके पर भक्ति संध्या ाीा हुई जिसमें मंच संचालन मुकेश मेनारिया ने किया। श्री बागडी ने बताया कि सामूहिक विवाह को लेकर भी व्यापक तौर पर तैयारियां शुरु दी गई है। सबसे पहले पदाधिकारी व कार्यकर्ता बोहरा गणेशजी मंदिर पहुंचे जहां गजानंदजी महाराज को पहला निमंत्रण कार्ड समर्पित कर विवाह समारोह में पधारने और सभी कार्य सफलता पूर्वक संपन्न करने की प्रार्थना की। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट निर्मल कुमार पंडित, राष्ट्रीय महासचिव दीपक मेनारिया, पूरण खटीक, प्रिंस बागड़ी, मंजू खींची, चंचल औदीच्य, सुनीता प्रजापत, मीना यादव आदि भी उपस्थित थे।

## एसआईआर में अब तक 3 लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र हुए डिजिटाइज

### जिन मतदाताओं ने अब तक गणना प्रपत्र नहीं भरे, वे शीघ्र भरकर बीएलओ को सौंपे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। राजसमंद जिले में 99.99 प्रतिशत मतदाताओं को उनके घरों तक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं और अब इन गणना प्रपत्रों को प्राप्त कर डिजिटाइज़ करने का कार्य भी त्वरित गति से जारी है। सोमवार सायं 3 बजे तक उपलब्ध डाटा अनुसार जिले में कुल 9,65,898 मतदाताओं में से अब तक 3,24,948 मतदाताओं के गणना प्रपत्र डिजिटाइज़ किए जा चुके हैं। शेष मतदाताओं के गणना प्रपत्र डिजिटाइज़ करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीज द्वारा प्रतिदिन प्रातः सभी ईआरओ, सुपरवाइजर एवं बीएलओ से दैनिक समीक्षा कर दिशा-निर्देश



दिए जा रहे हैं। साथ ही निरंतर फील्ड विजिट कर पारदर्शिता पूर्ण गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

#### 4 दिसंबर तक घर-घर सर्वेक्षण जारी

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की नियमित गतिविधियों को देखने के लिए जिला कलक्टर राजसमंद के फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम हैंडल, वॉट्सएप चैनल को फॉलो किया जा सकता है। घर-घर सर्वेक्षण का कार्य 4 नवंबर से शुरू होकर 4 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। दावा और आपत्ति की अवधि 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 रहेगी।

#### बीएलओ को प्रदान करें सहयोग


जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा ने प्रत्येक मतदाता से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएँ। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से आग्रह किया है कि वे समय रहते अपना गणना प्रपत्र भरें, सत्यापन सुनिश्चित करें एवं इस ऐतिहासिक पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बनें। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है एवं अपने बीएलओ से संपर्क करने के लिए वेबसाइट से बुक ए कॉल विद बीएलओ सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।

## वारिसदारों को मिलेगा बैंक में जमा धन

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आपकी पूंजी-आपका अधिकार शिविर के तहत लीड बैंक कार्यालय में सोमवार को बैंकर्स एवं जिला नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता लीड बैंक अधिकारी उम्मेदराम मीणा ने की। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न बैंकों में पिछले दस वर्षों से अधिक समय तक दावा न किया गया जमा धन भारतीय रिजर्व बैंक में जमा है। इस अनक्लेमड राशि को वास्तविक खाताधारक या उनके कानूनी वारिसदारों तक पहुंचाना है। इनको भुगतान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर से दिसम्बर माह तक विशेष शिविर लगाए हैं। इसके तहत सिरोही में 21 नवम्बर को शिविर लगाया जाएगा। लीड बैंक अधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि इस शिविर का व्यापक प्रसार कर शिविर को सफल बनाया जाएं। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबधक राजेंद्रसिंह मीणा, राजस्थान ग्रामीण बैंक से हेमंतकुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा से मोहित बोराना, पंजाब नेशनल बैंक से रवि दुबे, यूनियन बैंक से रितेश मीणा, एसडीएफसी से कैलाश सुथार, आईसीआईसीआई से राहुलसिंह, यूको बैंक से भावना, केनरा बैंक से राजेंद्रकुमार एवं लीड बैंक से भरत, राजेंद्रकुमार आदि उपस्थित रहे।

# जनता झेल रही जल समस्या और जिम्मेदार दिख रहे बेपरवाह कार्यालय समय में नदारद जिम्मेदार, कमरों पर लगी रही कुंडी



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रेवदर क्षेत्र में यदि जल सम्बंधी समस्या है तो आपको झेलना पड़ेगा। इसलिए कि जलदाय विभाग कार्यालय में बैठने वाले जिम्मेदार अक्सर नदारद रहते हैं। सोमवार को भी कमोबेश ऐसा ही नजारा दिखा। कार्यालय में पदस्थापित दो अधिकारी और दोनों के कक्ष पर कुंडी लगी नजर आई। ऐसे में आसपास के गांवों से आए लोगों भी बैरंग लौटना पड़ा। इस मामले में अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया।

#### दोनों अधिकारी एक साथ नदारद

ग्रामीणों ने बताया कि जल समस्या को लेकर सवेरे जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचे, लेकिन यहां



सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता के कक्ष बंद मिले। कुंडी लगी रहने से ग्रामीणों को निराशा हाथ लगी। पास ही एक कक्ष में बैठे कार्मिक से पूछा तो जवाब मिला कि अधिकारी बाहर गए हैं।

#### लोग बैरंग लौटने को मजबूर

ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की स्थिति आज की नहीं है यहां अक्सर ऐसे ही हाल रहते हैं। जिम्मेदारों की बेपरवाही से लोग भारी समस्या उठा रहे हैं। अधिकारियों के अक्सर एक साथ नदारद रहने से लोगों के कार्य अटके रहते हैं। दूरस्थ गांवों से आने वाले लोगों को बैरंग लौटना पड़ रहा है।

## परिवाद निस्तारण में संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने के दिए निर्देश

### एडीएम ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** डीओआईटी सभागार में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश गोयल ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के त्वरित निस्तारण एवं आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी दर्ज प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर परिवादी को राहत पहुंचाना सुनिश्चित करें। संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों के सम्बन्ध में अधिकारियों को औसत निस्तारण समय में कमी लाने और संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाने की बात कही। विभागवार और ब्लॉकवार दर्ज प्रकरण और निस्तारण की समीक्षा की। जनजाति गौरव वर्ष पखवाडे के तहत आयोजित विभिन्न गतिविधियों की सूचना निर्धारित पोर्टल पर अपडेट करने की बात कही। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बन्धित ब्लॉक एवं अन्य अधीनस्थ कार्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की बात कही। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रोडवेज सहित सम्बन्धित विभागों से उनकी योजनाओं की चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रकाशचंद अग्रवाल, डीओआईटी के गोविन्द चौधरी, सियाराम मीणा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कुए में गिरने से 60 वर्षीय महिला की मौत

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(नि.स.)।** थाना क्षेत्र के ग्रांम लक्ष्मीपुरा में कुए में गिरने से 60 वर्षीय प्रेम बाई की मौत होने का मामला सामने आया है। मृतक के पुत्र ने पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि आवारा गाय को भगाते समय एकाएक उसकी माता कुए में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई। सुचना पर हेड कांस्टेबल पहलाद राम मय जाप्ता के मौके पर पहुॅचे। उन्होने ग्रांमीणो की मदद से मृतक महिला को कुएं से बाहर निकाला उपजिला अस्पताल की मोर्रचरी में परिजनो की मौजूदगी में आवश्यक कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम करके शव परिजनो को सुर्पद किया गया। पुलिस ने मृर्ग दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

# शव को लेकर किया प्रदर्शन, सुवानिया पंचायत के बंजारा ढाणी का मामला

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(नि.स.)।** थाना क्षेत्र के सुवानिया पंचायत के बंजारा की ढाणी में सोमवार को बुर्जग गोकूल बंजारा की मौत हो गई। ढाणी से श्मशान के आम रास्ते में किचड़ भरा होने से गांव के लोगो ने प्रशासनिक अधिकारियो को अवगत करवाया गया। मामले की जानकारी होने पर हल्का पटवारी एंव ग्रांम विकास अधिकारी मौके पर पहुॅचे उन्होने रास्ते को दुरस्तीकरण के लिए किचड़ मे झीकरा डलवाया गया। बंजारा समाज के लोग ष्शव को लेकर मोक्षधाम तक पहुॅचे लेकिन मोक्षधाम के रास्ते पर तार फेसिंग होने से फिर बंजारा समाज के लोगो ने नाराजगी जताते हुए शव को रख कर प्रदर्शन किया गया। आपसी विवाद की संभावना को देखते हुए पुलिस थानाधिकारी कमलेश कुमार मय जाप्ते के मौके पर पहुॅचे। उन्होने आपसी समझाइस के मोक्षधाम के रास्ते पर लगे हुए तार फेसिंग को हटा कर मृतक का दाहसंस्कार करवाया गया।

# स्वीप गतिविधियों की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस, ब्यावर जिला टीम हुई शामिल

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर एसआईआर-2026 अंतर्गत मतदाता जागरूकता से जुड़ी स्वीप गतिविधियों की प्रगति समीक्षा के लिए सोमवार संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य निर्वाचन विभाग की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई। ब्यावर जिले से जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, ईएलसी कॉलेज शिक्षा नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य, एस.डी. कॉलेज, तथा ईएलसी-स्कूल शिक्षा नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) ने सहभागिता की।चुनाव शाखा प्रभारी डॉ. ध्रुव मित्तल ने बताया कि बैठक में एसआईआर के गणना चरण के दौरान गणना प्रपत्रों के वितरण, संकलन व अवलोकन की फोटो-वीडियो समय पर भेजने,बीएलओ, मतदाता व बीएलए के टेस्टिमोनियल सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराने तथा मतदाता जागरूकता सामग्री को राज्य निर्वाचन विभाग की गूगल ड्राइव पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए।

# आर्य ज्योति का प्रसार :141वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ संदेश



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आर्य समाज, ब्यावर के 141वें वार्षिकोत्सव के प्रचार-प्रसार हेतु सोमवार को उपखण्ड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने कार्यक्रम विवरण से युक्त पंपलेट का विमोचन किया। पंपलेट में 12 नवंबर से 27 नवंबर 2025 तक आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी तथा नगरवासियों के लिए निमंत्रण प्रकाशित किया गया है। उपखण्ड अधिकारी ने आर्य समाज ब्यावर को वार्षिकोत्सव व स्वर्णिम 150वें स्थापना वर्ष पर शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। आर्य समाज के मंत्री राजेंद्र काबरा ने बताया कि 24 से 27 नवंबर तक यज्ञ, भजन एवं उपदेश सहित धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस बार कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान स्वामी सच्चिदानंद महाराज तथा क्रांतिकारी उपदेशक एवं अंतरराष्ट्रीय भजन सम्राट दिनेश पथिक (अमृतसर, पंजाब) का सानिध्य प्राप्त होगा नगर के प्रमुख स्थानों पर फ्लेक्स व होर्डिंग्स लगाकर तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं।

# भीलवाड़ा से स्काउट-गाइड राष्ट्रीय जंबूरी दल हुआ रवाना




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारत स्काउट व गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में 23 से 29 नवंबर 2025 तक लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर-15, वृंदावन योजना में आयोजित होने वाली 19वीं राष्ट्रीय स्काउट-गाइड डायमंड जुबली जंबूरी में भाग लेने के लिए भीलवाड़ा से दल रवाना हुआ। राजस्थान के लगभग 1600 स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर्स इस राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेंगे। भीलवाड़ा जिले से कुल 45 सदस्य शामिल हो रहे हैं, जिनमें पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर की 16 गाइड, प्रभारी अमर ज्योति, कुडोज किड्स स्कूल की 8 गाइड, प्रभारी मधुबाला यादव, 8 स्काउट प्रभारी हंसराज यादव तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन के 8 स्काउट प्रभारी महावीर कुमावत शामिल हैं।

# सैफ्रॉन फन फिएस्टा में खिला बचपन: वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में हँसी, रंग और सीख का अनोखा संगम

## रंग-बिरंगी सजावट, 40 से अधिक आकर्षक स्टॉल और बच्चों अभिभावकों की उमंग से गूँज उठा स्कूल परिसर

## मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह गहलोत व अन्य गणमान्यों ने किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल में बहुप्रतीक्षित भव्य फेयर सैफ्रॉन फन फिएस्टा का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन हर व्यक्ति के भीतर छिपे बचपन और बच्चे की भावना को फिर से जीवंत करने का एक सुंदर प्रयास रहा।फेयर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला ब्यावर डॉ. संजय सिंह गहलोत, समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, प्रबंधकारिणी सदस्य प्रवीण खेतपालिया, अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा तथा विद्यालय प्राचार्य श्वेता नाहर द्वारा नवकार मंत्र के उच्चारण के साथ फीता काटकर किया गया।पूरा परिसर रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित



था, जहाँ 40 से अधिक स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने। स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल, रोमांचक गेम ज़ोन, घोड़े की सवारी, पेंटिंग ज़ू, मिकी माउस मसकट, क्ले आर्ट, रेजिन आर्ट गैलेरी, टैटू और नेल आर्ट जैसे कई दिलचस्प स्टॉल बच्चों और अभिभावकों का ध्यान खींचते रहे।चमकीले परिधानों में सजे नन्हे मुन्ने अपने माता-पिता का हाथ थामे उत्साह के साथ एक स्टॉल से दूसरे स्टॉल तक दौड़ते-भागते नजर आए।मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह गहलोत ने कहा कि आत्मनिर्भर समाज का निर्माण तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बने। उन्होंने फेयर की सराहना करते हुए वर्द्धमान परिवार के 'अबोध बालकों को सुबोध नागरिक' बनाने के प्रयासों को उत्कृष्ट बताया वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों में शैक्षणिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता, सौहार्द और नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। फेयर का सफल आयोजन इन आदर्शों के प्रति वर्द्धमान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।अंत में विद्यालय प्राचार्य श्वेता नाहर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और टीम का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों और शिक्षकों के बीच आत्मीय संबंध मजबूत होते हैं, जिससे पढ़ाई में सकारात्मक प्रगति देखने को मिलती है।

# सडक़ हादसे में पुत्र की मौत पिता सहित तीन घायल



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(नि.स.)।** थाना क्षेत्र स्टेट हाईवे 34 हिसार पैट्रोल पम्प व धर्म काटा के पास हुआ दो बाईको की आमने सामने की भिडंत में एक युवक की मौत हुई है। बाइको की भिडंत इतनी जबरदस्त हुई दोनो बाइको के परख्चे उड़ गये। सडक़ हाइसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची।

सडक़ हादसे में पुत्र की मौत हो गई जबकी पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको नैनवां उपजिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद रैफर किया गया। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि युवक रोहित रैगर निवासी जजावर की मौके पर मौत हुई है। घायलो मृतक रोहित के पिता शांति लाल रैगर, अंकित पुत्र लादू लाल मीणा निवासी संडीला, व अजय पुत्र कजोड़ मीणा घायल हुए है।

मृतक रोहित के शव को पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय की मोर्रचरी में रखवाया गया है। जिसका पोस्टमार्टम मंगलवार को होगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जॉच ष्शुरू कर दी है।

# निम्बाहेड़ा विधानसभा में गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन की प्रगति समीक्षा, उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** निम्बाहेड़ा विधानसभा 170 के बी एल ओ पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक निर्वाचन कार्यालय में रखी गई जिसमें निम्बाहेड़ा विधानसभा के कुल 281710 मतदाताओं में से 105196 मतदाताओं के परी गणना प्रपत्र पुनः प्राप्त कर अपलोड कर दिए गए हैं अभी तक कुल 37 .34 प्रतिशत कार्य किया जा चुका है। प्रगति समीक्षा में उपखंड अधिकारी विकास पंचोली द्वारा परी गणना प्रपत्र के डिजिटाइजेशन कार्य में निम्बाहेड़ा विधानसभा के चित्तौडग़ढ़ जिले में प्रथम रहने तथा राज्य में 18वें स्थान पर होने पर सभी का धन्यवाद किया, साथी आमजन से अपील की की बी एल ओ द्वारा आपके घर-घर आकर गणना प्रपत्रों को संग्रहण करने का कार्य किया जा रहा है आप केवल अपना नवीनतम रंगीन फोटो तैयार रखें यदि किसी मतदाता को गणना प्रपत्र नहीं मिला है तो अपने बीएलओ से संपर्क करें अथवा निर्वाचन कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। गणना प्रपत्र के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेजों की आवश्यकता अभी नहीं है यदि आपका नाम पूर्व की 2002 की मतदाता सूची में नहीं मिल रहा है तो आपके रिश्तेदार के नाम के विवरण के साथ गणना प्रपत्र भरा जा सकता है। मतदाता सूचियां के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026के कार्य में लापरवाही करने पर भाग संख्या 33 मांगरोल के बी एल ओ महेंद्र सिंह जाट वरिष्ठ सहायक महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मांगरोल को जिला कलेक्टर चित्तौडग़ढ़ द्वारा निलंबित किया जाकर उनका मुख्यालय सीबी ईओ कार्यालय बेगू किया गया ।

# चौमहला कॉलेज में एसआईआर जागरूकता कार्यशाला, छात्रों को दिया ऑनलाइन फॉर्म भरने का प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को एसआईआर जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन गणना प्रपत्र (फॉर्म) भरने का प्रशिक्षण दिया गया।

गंगधार तहसीलदार गणेश खंगार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को अपने मोबाइल से मात्र दो मिनट में ऑनलाइन फॉर्म भरने में सक्षम बनाना और उन्हें प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना है। कार्यशाला के दौरान छात्रों को पूरी प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से समझाई गई तथा मौके पर ही कई मतदाताओं के फॉर्म भरे गए।

तहसीलदार ने यह भी जानकारी दी कि जिन मतदाताओं का मोबाइल नंबर 2002 की मतदाता सूची से लिंक नहीं है, वे भी आसानी से ऑनलाइन अपना नंबर लिंक कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपने परिवार और गांव के अधिक से अधिक लोगों को ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें, ताकि हर नागरिक स्वयं अपना गणना प्रपत्र भर सके। अभियान के तहत घर-घर जाकर भी लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# पुलिस पर हमला कर मारपीट करने के मामले में आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.) ।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने गांव ककडा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ मारपीट कर राजकार्य में बाधा पहुचाने के मामले में 6 आरोपीयो को गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी ए एस पी अखलेश शर्मा ने बताया है कि जिला पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश मीणा के निर्देशन मे वाछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के अंतर्गत सी ओ सीता राम बैरवा के निर्देशन में खोह थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकेश पुत्र खज़ान सिंह जाट निवासी ककडा थाना खोह जिला डीग और नृप सिंह पुत्र मोहन सिंह जाट ,सिया राम पुत्र नूरी सिंह जाट ,केदार पुत्र परस राम जाट , लाल सिंह पुत्र उदय सिंह जाट और भीम सिंह पुत्र नवल सिंह जाट निवासीयान गांव ककड़ा ,थाना खोह जिला डीग को दस्तयाब कर उनके समक्ष पेश किया जिन्हें अनुसंधान के बाद पुलिस से मारपीट और राजकार्य में बाधा डालने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से अनुसंधान जारी है।




# आईसीएआई भीलवाड़ा शाखा का दो दिवसीय रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** आईसीएआई की कमर्शियल लॉज़, इकोनॉमिक एडवाइजरी एवं एनपीओ कोऑपरेटिव कमेटी के मार्गदर्शन में भीलवाड़ा शाखा द्वारा उदयपुर स्थित वसंत कुंज नेचर रिसोर्ट में आयोजित दो दिवसीय रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शाखा अध्यक्ष सीए आलोक सोमानी ने बताया कि इस आरआरसी में एनपीओ, रेरा, वसीयत एवं सक्सेशन प्लानिंग सहित सहकारी क्षेत्र से जुड़े विविध तकनीकी विषयों पर गहन चर्चा हुई।



पहला दिन 15 नवंबर को हुए पहले सत्र में सीए राहुल नाहर ने रेरा अनुपालन ढांचा एवं हितधारकों पर प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला और रेरा के प्रावधानों को सरल रूप में समझाया। दूसरे सत्र में सीए नेहा काबरा ने आर्बिट्रेशन एवं मेडिएशन पर प्रभावी प्रस्तुति देते हुए वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली की उपयोगिता बताई।

दूसरा दिनःकोर्स के दूसरे दिन की शुरुआत सीए दिनेश आगल के सत्र से हुई, जिसमें उन्होंने एस्टेट एवं सक्सेशन प्लानिंग तथा वसीयत तैयार करने से जुड़े कानूनी पहलुओं को समझाया। अंतिम सत्र में सीए नवनीत तोतला ने कोऑपरेटिव सेक्टर में व्यावसायिक अवसर विषय पर सहकारी क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। शाखा सचिव सीए अक्षय सोडानी ने बताया कि प्रतिभागियों ने रिसोर्ट के शांत प्राकृतिक वातावरण के बीच ज्ञानवर्धक सत्रों के साथ-साथ विश्राम का संतुलित अनुभव प्राप्त किया, जो इस आरआरसी का मुख्य उद्देश्य भी था। शाखा उपाध्यक्ष सीए दिनेश सुथार के अनुसार लगभग 50 सदस्य अपने परिवारों सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने नाथद्वारा में श्रीनाथजी के दर्शन, विश्वास स्वरूपम का अवलोकन तथा उदयपुर की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए इस आयोजन को यादगार बना दिया। दो दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स के सफल समापन पर उपस्थित सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे ही ज्ञानवर्धक और प्रेरक कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।

# भाविप स्वामी विवेकानंद शाखा की आठवीं कार्यकारिणी बैठक में सेवा परियोजनाओं की समीक्षा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा की आठवीं कार्यकारिणी बैठक परिषद भवन में वंदे मातरम् की स्वर लहरियों के साथ आरंभ हुई। बैठक की शुरुआत में पिछली कार्यवाही का वाचन किया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सहमति से अनुमोदित किया। बैठक में परिषद के प्रमुख कार्यक्रम गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन पर गहन चर्चा हुई। बताया गया कि जुलाई और अगस्त के दौरान 13 विद्यालयों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। सामूहिक सहमति से यह निर्णय लिया गया कि दो और स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करने के बाद इसे वर्तमान सत्र के लिए विराम दिया जाएगा। कोषाध्यक्ष आदित्य मानसिंहका ने 1 अप्रैल 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वित्तीय स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। दिसंबर में कोटा में होने वाले रीजनल सम्मेलन में शाखा की सहभागिता को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। परिषद भवन के लिए प्रस्तावित भूमि आवंटन की प्रगति पर चर्चा करते हुए संजय राठी ने बताया कि इस प्रक्रिया में अभी और समय लग सकता है।

# नदबई में कुएं में मिला लापता महिला का शव

## पीहर में रह रही थी, 12 साल पहले हुई थी शादी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर जिले के नदबई थाना क्षेत्र के गांव नगला रायसीस में एक महिला का शव गांव से एक किलोमीटर दूर कुएं में मिला। महिला रात से ही घर से लापता थी। पुलिस ने कुएं से शव निकालकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रात 8 बजे से घर से लापता थी महिला

एसआई लालमन सिंह ने बताया-राजकुमारी (30) पत्नी विष्णु की शादी सेवर थाना क्षेत्र के गांव में 12 साल पहले हुई थी। बीते कुछ महीनों से वह अपने पीहर नगला रायसीस निवासी में रह रही थी। रविवार रात करीब 8 बजे महिला अचानक घर से निकल गई, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पहले घर के आसपास और फिर पूरे गांव में पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

### सुबह खेतों के पास मिली चप्पल, कुएं में दिखा शव

सोमवार सुबह परिजन दोबारा महिला की खोज में निकले। इस दौरान गांव से करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित एक खेत में बने कुएं के पास महिला की चप्पल पड़ी मिली। चप्पल देखकर शक होने पर परिजनों ने कुएं में झांककर देखा तो उनके होश उड़ गए। कुएं में राजकुमारी का शव तैर रहा था। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया

सूचना पर एसआई लालमन सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मौका-मुआयना कर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को नदबई के राजकीय जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद - बसेड़ी नगर के तीसरी बार पुनः नगर मंत्री बने पालवेन्द्र गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धौलपुर जिले के बसेड़ी नगर इकाई में संगठन विस्तार एवं सशक्तिकरण हेतु महत्वपूर्ण घोषणा की गई। जिला संयोजक समरथ गुर्जर ने बसेड़ी नगर इकाई के नगर मंत्री पर पालवेंद्र की घोषणा की। जिला संयोजक समरथ गुर्जर ने नव नियुक्त नगर मंत्री पालवेंद्र को संगठन की जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए कहा कि अभाविप देश के गौरव, शिक्षा सुधार, छात्र हित एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अभाविप की कार्यपद्धति, संगठनात्मक अनुशासन तथा युवाओं को जोड़ने की योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त नगर मंत्री का स्वागत करते हुए संगठन को नई ऊर्जा व दिशा देने का संकल्प लिया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर छात्र हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।

# 100 से अधिक चालकों की नेत्रों का कराया परीक्षण

## एस एन महाविद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में मनाई जा रहे। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय में वाहन चालकों के नेत्रों के परीक्षण को लेकर शिविर लगाया गया। जिसमें 100 से अधिक चालकों ने अपने आंखों का परीक्षण कराया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हमारे द्वारा दूसरी बार नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कराया गया है। शिविर में वाहन चालकों की नेत्रों का परीक्षण करा कर उन्हें निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया है। वरिष्ठ नेत्र सहायक अजब सिंह ने चालकों से कहा कि वह अनिद्रा की स्थिति में अभी वाहन का उपयोग ना करें। दृष्टि दोष होने पर चश्मे का उपयोग करें तथा समय-समय पर अपनी आंखों का परीक्षण करते रहे। इसके अलावा परिवहन निरीक्षक ओम प्रकाश चौधरी द्वारा मनियां के एस एन महाविद्यालय में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी उपलब्ध कराई गई परिवहन निरीक्षक ओम प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज का विद्यार्थी कल का सुयोग्य नागरिक होता है। इसलिए यदि आप विद्यार्थी जीवन में ही यातायात नियमों की पालना करेंगे तो आप दूसरों के लिए भी प्रेरणा के स्रोत बनोगे। उन्होंने कहा कि आप प्रतिदिन सफर करते हैं यदि आपको सड़क पर कोई घायल पीड़ित नजर आता है तो आप तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं और गुड सेमरिटर्न के रूप में अपनी पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि गुड सेमीरिटर्न को राजस्थान सरकार द्वारा 10 हजार रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना को लेकर शपथ ग्रहण कराई तथा महाविद्यालय आने के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करने पर जोर दिया। प्रवीण भाई की ओर से डीआरएम कॉलेज व वर्षा हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में भी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य प्रदीप लवानियां, संजीव कुमार, उमेश चंद, अनुज जैन व सचिन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

एनसीआर में ग्रेप-3 हुआ बेअसर

# भरतपुर में प्रदूषण बेलगाम, रात में क्रेशर और दिन में ओवरलोड डंपर उड़ा रहे धूल

## प्रशासनिक टीमों की कार्रवाई कागजों में, माफियाओं की 'नाइट शिफ्ट' और निर्माण एजेंसियों की खुली मनमानी ने बढ़ाई हवा की मारक क्षमता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर पहुंचने के बाद ग्रेप-3 लागू किया गया, उम्मीद थी कि प्रशासनिक मशीनरी सख्त होगी और प्रदूषण को काबू में करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। मगर भरतपुर जिले में हालात उलटे साबित हुए यानी जहां नियमों को और मजबूत होना चाहिए था, वहीं प्रदूषण फैलाने वाले क्रेशर प्लांट, खदानें, निर्माण कार्य और ओवरलोड वाहन पहले से ज्यादा बेखौफ होकर सक्रिय मिल रहे हैं। विभागों की निष्क्रियता, मिलतीभगत और झूठी जवाबदेही के बीच जिले की हवा हर दिन जहर में बदल रही है और लोग प्रशासन की सुस्ती पर दुखी, नाराज और लाचार दिख रहे हैं।

**रात के अंधेरे में चल रहा क्रेशर उद्योग, दिन में उड़ा रहे धूल के गुबार**

भरतपुर के बयाना, भगोरी, शेरगढ़ और बुरावई जैसे क्षेत्रों में रात के समय क्रेशर प्लांट तेज आवाज के साथ धड़ल्ले से चलते देखे जा रहे हैं। लोगों के मुताबिक, रात 11 बजे से लेकर सुबह तक भारी मशीनें लगातार चलती रहती हैं। धूल के बड़े-बड़े गुबार गांवों में फैल जाते हैं और लोग खिड़कियाँ बंद करके सोने को मजबूर हो जाते हैं। दिन निकलते ही ओवरलोड डंपरों और ट्रैक्टरों की कतारें सड़कें घेर लेती हैं, जिनमें से कई बिना दस्तावेज, बिना फिटनेस और बिना नंबर प्लेट के चलते हैं। इन वाहनों का दनदनाता गुजरना सिर्फ ट्रैफिक नियमों का ही नहीं, बल्कि ग्रेप-3 का खुला मजाक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्रेशर बंद होना तो दूर, लगता है ग्रेप-3 लागू होते ही इन्हें और खुली छूट मिल गई है।

### प्रशासनिक तंत्र में निष्क्रियता कार्रवाई के नाम पर बातें, मैदान में सन्नाटा

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कागजों पर अलग-अलग टीमें बनाकर जांच का दावा करता है, लेकिन जिले में कहीं भी इन टीमों की उपस्थिति दिखाई नहीं देती। विभागीय अधिकारियों के जवाब सुनने लायक भी नहीं खनिज विभाग पॉल्यूशन विभाग पर जिम्मेदारी डाल देता है और पॉल्यूशन बोर्ड कहता है कि वाहन रोकना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं। यहां तक कि खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा फोन काट देना और कार्रवाई से बचना, खुद पूरे सिस्टम की पोल खोल देता है। लोगों का मानना है कि इतनी बड़ी गतिविधि बिना प्रशासनिक संरक्षण और मिलीभगत के संभव नहीं।

### जनप्रतिनिधियों के नाम पर चल रहे क्रेशर, विभागों की हिम्मत नहीं कार्रवाई की

जिले में कई क्रेशर प्लांट ऐसे हैं जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में खुलकर चल रहे हैं। इन प्लांटों की मशीनें लगातार धूल उड़ाती रहती हैं, लेकिन विभाग इनके पास जाना तो दूर, नोटिस तक जारी करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। अधिकारियों को पूरी जानकारी होते हुए भी कार्रवाई से दूरी बना ली जाती है, क्योंकि 'ऊपर से फोन' आने की चर्चा हर स्तर पर सुनी जाती है। नतीजा यह कि नियम ताक पर रखकर ये प्लांट धड़ल्ले से चलते हैं और प्रदूषण हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है।



### जहरीली हवा से बढ़ते मरीज, अस्पतालों में बढ़ती भीड़, प्रशासन अनजान बना हुआ

एनसीआर की हवा पहले से कहीं अधिक जहरीली हो गई है। दिल्ली में एक्युआई जब 500 पार गया तो हड़कंप मचा, लेकिन भरतपुर में भी हालात कुछ कम नहीं। यहां हवा लगातार 'खराब' और 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की जा रही है। अस्थमा मरीजों की परेशानी बढ़ गई है, बुजुर्गों और बच्चों को सांस लेने में दिक्कत पेश आ रही है। कई निजी और सरकारी अस्पतालों में श्वसन संबंधी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है, लेकिन प्रशासन की तरफसे अभी तक किसी भी बड़े अभियान या विशेष जांच की पहल नहीं की गई।

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्यवन में जिले को अग्रणी पंक्ति में रखे- कमर चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें सरकार की फ्लैगशिप योजनों, विकास कार्यों एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में पात्रजनों का चयन कर उन्हें स्वप्रेरित होकर लाभान्वित करें। राज्य स्तर पर प्रत्येक योजना में आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप सभी अधिकारी प्रत्येक सप्ताह लक्ष्य पूरे करें। उन्होंने कहा योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पात्र जनों से अधिकारी संवाद बनाकर उन्हें योजनाओं के फायदे बताकर लक्ष्य पूरे करायें। विभागवार समीक्षा करते हुए उन्होंने पालनहार योजना के लाभार्थियों का सत्यापन करने के कार्य का शिक्षण संस्थाओं, ग्रामीण विकास के सहयोग से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत निगम को नवम्बर अंत तक फीडर सेग्रीगेशन के लक्ष्य 5 कार्य एवं वाइफरकेशन के 8 कार्य पूरा कराने का लक्ष्य निर्धारित किया।

जिला कलक्टर ने आयुष्यमान भारत अवसंरचना योजना में भवन निर्माण व मरम्मत के 3 कार्य आगामी 7 दिवस में पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना में बालिका के जन्म लेने पर उसे योजना का लाभ मिल सके इसके लिए अस्पतालों में दस्तावेजों की पूर्ति समय पर पूरी कराई जाये। उन्होंने लम्बित प्रकरणों में प्रति सप्ताह 50 का लक्ष्य लेकर लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवास योजना के भुगतान, स्वच्छता अभियान के मानकों को पूरा करने के लिए ग्राम स्तर से निकाय स्तर तक जिम्मेदारी से कार्य किया जाये। उन्होंने किसानों को लाभान्वित करने के लिए सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट स्थापित लगाने हेतु पात्र किसानों से व्यक्तिगत सम्पर्क करने, फार्मपोंड के लिए जलभराव वाले क्षेत्रों के किसानों को सिचाई में वर्षा जल का महत्व बताने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सचिव बीडीए सुरेश नवल, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज, उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्रेन शार्प अबेकस संस्था के बच्चों ने जीते अवार्ड

## संस्था की निदेशिका पूनम सोनी ने वितरित किये पुरस्कार



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** रंगोत्सव सेलिब्रेशन मुंबई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता जो की ब्रेन शार्प अबेकस पर काली की बगीची शाखा भरतपुर में आयोजित की गई। जिसमें संस्था की निदेशिका पूनम सोनी ने बच्चों को पुरूस्कार वितरित किये गये। जिसमें प्रथम लेवल नेशनल लेवल की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें 130 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 50 बच्चों ने सफलतापूर्वक अपनी जगह नेशनल लेवल पर बनाई। जिसमें तान्या ने स्केचिंग प्रतियोगिता में सेकंड पोजीशन प्राप्त की तथा लावण्या सोनी ने मेरिट अवार्ड लेकर अपना स्थान नेशनल लेवल पर बनाया। सभी बच्चों ने गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल और ब्रॉन्ज मेडल तथा गिफ्ट जीतकर नेशनल लेवल पर अपना मुकाम हासिल किया और नेक्स्ट लेवल जो की इंटरनेशनल लेवल है वहां उसके लिए क्वालीफाई कर लिया है। पूनम सोनी ने बताया कि इंटरनेशनल लेवल की प्रतियोगिता दिसंबर के अंतिम या जनवरी के पहले सप्ताह में केन्द्र पर ही करायी जायेगी।

# निर्माणाधीन पुलिया में गिरने से बाइक सवार की मौत

## कुचावटी- खेरिया पुरोहित के बीच रविवार की देर सांय हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग से रविवार की देर सांय अपने गांव खेरिया पुरोहित लौटने के दौरान गांव कुचावटी और खेरिया पुरोहित के बीच बाइक सहित कुचावटी माइनर पर निर्माणाधीन पुलिया में गिरने से एक 37 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई,पुलिस ने सोमवार को मृतक के शव का जिला अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को पुलिया का निर्माण करा रहे संवेदक पर लापरवाही बरतने और निर्माणाधीन पुलिया के स्थान पर सुरक्षा प्रबंध और सूचना बोर्ड नहीं लगाने के कारण हादसा होने का आरोप लगाया है।

पुलिस के अनुसार रविवार की देर शाम करीब साढ़े 7 बजे डीग से अपने गांव खेरिया पुरोहित लौटते समय कुचावटी माइनर पर निर्माणाधीन पुलिया में बाइक सहित गिर जाने से बृजेंद्र जाटव 37 वर्ष पुत्र फूल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। बृजेंद्र जाटव जब मजदूरी कर के जब रविवार की देर सांय अपने घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल बंद मिला तो उसके परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो वह करीब 9 बजे खेरिया पुरोहित से लगभग 3 किलो मीटर दूर कुचावटी और खेरिया पुरोहित के बीच कुचावटी माइनर पर निर्माणाधीन पुलिया में बाइक सहित गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला। जिसे उसके परिजन जिला अस्पताल डीग लेकर आए । जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक बृजेंद्र जाटव 3 पुत्रियों और एक पुत्र का पिता था। जो मजदूरी कर के अपने परिवार का भरणपोषण करता था।उसकी मौत से परिवार सहित गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर( राजू शर्मा )।** बिजली, पानी, मौसमी बिमारियों को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का निस्तारण किया जाना सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का दायित्व है। जिस विभाग को परिवेदना प्राप्त होती है। उसका निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल की समय-समय पर गुणवत्ता जांच करने के निर्देश दिए। क्षतिग्रस्त पेयजल आपूर्ति लाइनों की मरम्मत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए इस समय बिजली की आवश्यकता अधिक होती है। इसलिए किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का मरम्मत कार्य शीघ्र शुरू करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बजट घोषणा के अन्तर्गत तहसील भवन निर्माण के कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त निदेशक कृषि विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों द्वारा की जा रही फसल बुवाई के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले की चारों विधानसभाओं में 100 प्रतिशत ईएफ वितरण कार्य पूर्ण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( राजू शर्मा )।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के कुशल निर्देशन में अनुकरणीय प्रदर्शन कर एक बार फिर साबित किया है कि संगठित प्रयास, मजबूत प्रशासनिक नेतृत्व और जनता की सक्रिय भागीदारी से किसी भी अभियान को सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया सकता है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों बसेड़ी, बाड़ी, धौलपुर एवं राजाखेड़ा में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाईजेशन के कार्य तेजी से किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों 77-बसेड़ी, 78-बाड़ी, 79-धौलपुर तथा 80-राजाखेड़ा में शतप्रतिशत ईएफ वितरण का कार्य पूर्ण हो गया है। साथ ही विधानसभा क्षेत्र 77-बसेड़ी में 92 हजार 664, 78-बाड़ी में 1 लाख 11 हजार 344, 79-धौलपुर में 71 हजार 309 तथा 80-राजाखेड़ा में 60 हजार 652 कुल 3 लाख 35 हजार 969 ईएफ को डिजिटाईड किया गया है।

## एसआईआर कार्य में शिथिलन देने की मांग को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**रैणी/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** एसआईआर के कार्य में बीएलओ व अन्य कार्मिकों पर लगातार दबाव बनाकर लक्ष्य पुरा करवाने को लेकर शिक्षक संगठन राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ उपशाखा ने रोष जताया है। सोमवार को राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ उपशाखा रैणी के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी रैणी हरकेश मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि लक्ष्य पुरा करने के लिए बीएलओ पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में भय बना हुआ है। जिला अध्यक्ष मुकेश ईटोली व ब्लॉक अध्यक्ष एस एस दाताराम ने बताया कि निर्वाचन विभाग को बीएलओ की पीड़ा समझते हुए कार्य में शिथिलन करना चाहिए। अधिकतर कार्मिक निर्वाचन कार्य में लगे होने से शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। अर्द्धवार्षिक परीक्षा नजदीक है। पाठ्यक्रम पुरा नही होने से बच्चों का भविष्य भी अधरझूल में है। उन्होंने कहा कि लगातार शिक्षक संगठन शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार इस और ध्यान नहीं दे रही है जिसके कारण राजकीय विद्यालयों में नामांकन में कमी हो रही है तथा परिणाम प्रभावित हो रहा है। इसके बावजूद भी शिक्षक को दोषी ठहराया जा रहा है। संगठन ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से कार्य में शिथिलन देने की मांग की है। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश ईटोली, ब्लॉक अध्यक्ष एस एस दाताराम, बबलूराम, महेश, गोपी सहाय, रमेश चंद, लाखन सिंह, राजेश, प्रहलाद कोली सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रूस से एमबीएस स्टूडेंट का शव अलवर लाया गया:चाचा बोले- ये मर्डर है, आत्महत्या करने वाला कपड़े क्यों उतारेगा?

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर के अजीत चौधरी का शव रूस से 28 दिन बाद गांव लाया गया। अजीत रूस में एमबीएस की पढ़ाई कर रहा था। 19 अक्टूबर को ऊफा शहर में लापता हो गया था। 6 नवंबर को उसका शव व्हाइट रिवर से लगते बांध में मिला था। 14 नवंबर को रूस में पोस्टमॉर्टम हुआ था। सोमवार को शव अलवर लाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 28 दिन लग गए। पहले शव को जिला हॉस्पिटल में रखवाया गया। इसके बाद गांव में अंतिम संस्कार किया गया। अजीत लक्ष्मणगढ़ के कफनवाड़ा गांव का रहने वाला था। बेटे की मौत की खबर सुनने के बाद से मां की हालत नाजुक बनी हुई है।अजीत चौधरी का शव सुबह करीब 4 बजकर 5 मिनट पर फ्लाइट से दिल्ली पहुंचा। सुबह लगभग 9 बजे शव को दिल्ली से अलवर जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया की गई। रूस में पहले ही छात्र के शव का पोस्टमॉर्टम किया जा चुका था। परिजनों की मांग पर अलवर जिला अस्पताल में भी डॉक्टरों की टीम का मेडिकल बोर्ड बनाया गया था। इसी बोर्ड ने सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अजीत के शव का पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद शव परिवार को सौंप दिया गया। परिवार शव को लेकर कफनवाड़ा गांव पहुंचा, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

**पिता बोले- उसकी मां भी मरने जैसी हालत में है :** खेती-किसानी करने वाले पिता धर्म सिंह ने बताया- मेरे बेटा अजीत रूस के ऊफा शहर में बश्किर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीएस की पढ़ाई कर रहा था। वह थर्ड ईयर का स्टूडेंट था। 19 अक्टूबर को उससे अच्छे से बात हुई थी। किसी दोस्त ने उसे बुलाया था, इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। बाद में हमें बताया गया कि अजीत के कपड़े और जूते नदी के किनारे मिले हैं। 18 दिन बाद उसका शव मिला। बेटे के इंतजार में उसकी मां मरने के हाल में पहुंच गई।

**चाचा ने कहा- हमें मर्डर लग रहा है :** शव मिलने पर अजीत के चाचा भोम सिंह ने कहा कि अजीत से 19 अक्टूबर को आखिरी बार बात हुई थी। जीत कसाना नामक एक छात्र ने उन्हें अजीत के लापता होने की सूचना दी। जब परिवार के लोगों के नंबर कॉलेज में थे, तो किसी अन्य छात्र ने सूचना क्यों दी?

उन्होंने 6 नवंबर को शव मिलने की सूचना दी। छात्र के कपड़े उतरे हुए थे। आत्महत्या करने वाला कपड़े क्यों उतारेगा? इसके अलावा, 19 अक्टूबर से पहले छात्र ने पैसे भी मंगवाए थे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले ये आखिरी समय में बम फोड़ेंगे

### भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा राजस्थान में फेल और मजाक सरकार, 10 हजार बांटेंगे, फर्जी वोट कराएंगे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान में फेल और मजाक की सरकार है। फिर भी ये मत सोचो कि अपने आप घर बैठे राज आ जाएगा, नहीं आ रहा है। क्योंकि ये (बीजेपी सरकार) साल भर पहले 10 हजार रुपए बांटेंगे, फर्जी वोट कराएंगे।

कहीं बम फोड़ देंगे। कहीं कुछ और कराएंगे। ये माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। लेकिन हमारा वोटर हमारे साथ रहा तो ये कुछ नहीं कर पाएंगे। ये बात सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के कार्यालय पर आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही।पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने बिहार चुनावों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने कई स्पेशल ट्रेनें चलाई। पोलिंग से पहले स्पेशल ट्रेनें चलती रही। ये सब इनका षडयंत्र का हिस्सा है। दूसरी तरफ बिहार की जनता को विश्वास नहीं हो रहा है, एनडीए जीत सकती है।



### अलवर ग्रामीण की जनता के दम पर नेता प्रतिपक्ष बने जूली- जितेंद्र सिंह

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को लेकर कहा कि जितेंद्र सिंह ने जूली को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया, बल्कि अलवर ग्रामीण की जनता ने बनाया है। जूली तो बहरोड़ के रहने वाले थे। जनता ने इनको अपनाया। पहले जिला प्रमुख बनाया, फिर विधानसभा जीतने के बाद जूली ने छाप छोड़ी। उसके बाद मंत्री बने। मंत्री बनने के बाद भी जनता ने अच्छे वोटों से जिताया, जिसके बाद राहुल गांधी और खडग़े ने इनको पहचानकर राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष का जिम्मा सौंपा है। यह सब अलवर ग्रामीण की जनता के दम पर हुआ है।

### अंता विधानसभा से सरकार की हालत सामने आ चुकी है- टीकाराम जूली

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान में भी एसआईआर इतनी जल्दी कराने का कारण यही है कि यहां पंचायत और नगर निकाय के चुनाव होने हैं। सरकार की हालत खराब है। अंता विधानसभा से सरकार की हालत सामने आ चुकी है। जूली ने कहा कि नगर निकाय और पंचायत चुनाव से पहले वोट काटने की जद्दोजहद है। सरकार ने इसी मंशा के साथ पहले चरण में राजस्थान को शामिल किया है।

**एसआईआर पर क्यों ध्यान रखने की जरूरत है :** जूली ने उदाहरण देकर समझाया कि एसआईआर पर क्यों ध्यान रखने की जरूरत है। कहा- मान लीजिए अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 300 पोलिंग बूथ हैं। यहां हर बूथ से 20 से 30 वोट भी काटते हैं तो 6000 वोट बनते हैं। प्रदेश में पूरा राज इन वोटों से बनता है। प्रदेश में 50 से ज्यादा विधानसभा सीट पर तो 10 हजार से कम वोटों से हार-जीत होती है। पिछले विधानसभा में कठूमर, तिजारा और अलवर शहर सहित प्रदेश भर में कई विधानसभा क्षेत्रों में इतने कम वोट से हार जीत हुई है।इस कार्यक्रम में विधायक ललित यादव और दीपचंद खेरिया, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत, संजय यादव, संजीव बाहरेठ, दीनबंधु शर्मा, इम्तियाज, सुमन देवी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अदभुत् शुरुआत-आओ चले गाँव की ओर

## नि:शुल्क मेडिकल शिविर 23 नवम्बर को हमीरपुर में

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा एक अदभुत शुरुआत होने जा रही है जिसमे जहाँ आमजन शहरो की तरफ भाग रहा है वही लायंस क्लब अलवर मत्स्य आओ चले गाँव की ओर के तहत जरूरतमंद एवं असहाय लोगो की सेवार्थ गाँवों में जाकर नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन करने जा रहा है ! इस शिविर की शुरुआत रविवार , दिनांक 23 नवम्बर 2025 को गाँव हमीरपुर (बानसूर), जिला बहरोड़-कोटपुतली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाने का निर्णय लिया है । लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ. मंजू अग्रवाल ने बताया कि आओ चले गाँव की ओर मुहीम को प्रारम्भ करने के पीछे मुख्य मकसद ग्रामीण लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना है जिसमे सहयोगी संस्था के रूप में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की मेडिकल मोबाइल यूनिट तथा युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल एवं कॉलेज की मेडिकल टीम अपनी नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान करेंगी । शिविर संयोजक एम.जे.एफ. लायन रामबाबू गुप्ता ने बताया कि इस तरह का यह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर अपने आप में एक अनोखी पहल है इसकी बेहतर तैयारियों को करने हेतु एक 7 सदस्यों का दल 16 नवम्बर को हमीरपुर गाँव होकर आया है जिसमे एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता, एम.जे.एफ. लायन रामबाबू गुप्ता , लायन सतीश कुमार गुप्ता , लायन अनिल बंसल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन गोविन्द गोयल, लायन रुपेश गुप्ता थे हमीरपुर जाकर देवीजी के मंदिर के नीचे खुला स्थान चिन्हित किया गया है जिससे सभी मरीजो को आने जाने में कोई दिक्कत ना हो । लायन सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह शिविर अपने आप में अदभुत शिविर होगा क्योकि ग्रामीण क्षेत्र में लगने वाले इस शिविर में एलोपैथी एवं होमियोपैथी दोनों पद्धति से नि:शुल्क इलाज किया जाएगा साथ ही दोनों पद्धति की उपलब्ध दवाइयाँ भी नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जायेंगी । साथ ही मरीज की आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क जाँचे भी की जायेंगी मुख्यतः ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर , थाइरोइड, वजन, आँखों की जाँच, गर्भवती महिलाओं हेतु हीमोग्लोबिन की जाँच नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी । हमीरपुर जाने से पूर्व लायंस क्लब अलवर मत्स्य के सीनियर सदस्य एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता द्वारा अपने पिता की याद में लगातार हर माह की 16 तारीख को काँजी हाउस, बुद्ध विहार गौ शाला में किये जाने वाले गौ सवामनी को भी सम्पन्न किया गया जिसमे गौ माता के लिए मीठे में गुड के साथ बिलकुल ताजा ताजा सब्जियों - गाजर, खीरा, बैंगन, पालक, मूली, चकुन्दर, फूल गोभी इत्यादि सवामनी में लायी गयी साथ ही घायल एवं बीमार गौ माता की देख-रेख हेतु वहाँ के केयर टेकर से पूछताछ भी करी । सवामनी कार्यक्रम में एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता, एम.जे.एफ. लायन रामबाबू गुप्ता , लायन सतीश कुमार गुप्ता , लायन अनिल बंसल, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन गोविन्द गोयल, लायन रुपेश गुप्ता इत्यादि ने बढ़-चढक़र भाग लिया ।

## तीन बच्चों को सहायता देने पहुंची नेक कमाई टीम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर शहर के दारूकूटा मोहल्ले के एक खंडहर मकान में रह रहे तीन बालकों की हालत को जानने और तत्काल सहायता देने के लिए नेक कमाई फाउंडेशन की टीम इनके पास पहुंची। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इस टीम में संरक्षक दौलत राम हजरती, रेखा महलावत, पल्लवी सपड़ा खत्री और तारेश जोरवाल थे। यहां इनकी हालत देखकर सभी का दिल पसीज गया। इस टीम ने इन बच्चों को खिलौने, खाने के पैकेट, नगद राशि, कपड़े, जूते सहित कई आवश्यक सामग्री प्रदान की। यहां इनकी देखभाल कर रही बुआ को आश्वासन दिया कि वे इन बच्चों को अपने घर पर ले जाए । इन बच्चों कोपढ़ाया जाए जिसके लिए वे बच्चों को शैक्षणिक सहायता और अन्य प्रकार की सहायता देंगे। इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इन बच्चों को सामान्य जीवन जीने के लिए इनकी देखभाल के लिए लोगों को पल्लवी सपड़ा खत्री और रेखा महलावत ने अपील की है। संरक्षक दौलत राम हजरती ने कहा कि जीवन में पहली बार किसी को इतने खंडहर मकान में रहते हुए देखा है जो कभी भी गिर सकता है। इन बच्चों के लिए प्रशासन को भी कुछ कारगर करना चाहिए। पहली मंजिल के खंडहर मकान में यह बच्चे रह रहे हैं जिनको अपने कमरे में जाने के लिए कूदना पड़ता है जिसका कातला टूटा हुआ है। इस मकान में कई परिवारों का कबजा होने के कारण इसकी हालत ऐसी है। इस कार्य में डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट ने भी आवश्यक सामग्री देने की घोषणा की है।

## राष्ट्र रक्षा, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य आदि विषयों पर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के बंकट की कोठी पर स्थित केदारनाथ धामाणी आदर्श विद्या मंदिर राजगढ़ में सोमवार को माता बहिनों का सप्तशक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में सप्त शक्ति संगम की जिला सह संयोजिका डॉ रक्षा शर्मा, गायत्री परिवार की सीमा विजय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्ष सुमनलता यादव और प्रीति शर्मा ने राष्ट्र रक्षा, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और नागरिक कर्तव्य आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित माता बहनों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने की अपील की। वहीं अपने कुटुंबों में आने वाली पीढ़ी को संभालने और प्रशिक्षित करने का आह्वान किया।

## विशेष योग्यजन बनें आत्मनिर्भर सरकार का विशेष प्रयास : देवीसिंह शेखावत

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र से विधायक देवीसिंह शेखावत ने नगर पालिका परिसर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के तहत आयोजित विशेष योग्यजनों को स्कूटी वितरण की। उपस्थित सभी 5 पाँच विशेष योग्यजन लाभार्थियों को स्कूटी को स्कूटी की चाबी देकर तथा उनका सम्मान कर स्कूटी प्रदान की। स्कूटी पाकर विशेष योग्यजन लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी झलक के साथ एक मंद मुस्कान दी।इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा की सरकार विशेष योग्यजनों के हित में योजनाओं के विस्तार और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें रोजमर्रा की आवाजाही में सुविधा मिलेगी। शेखावत ने कहा कि विशेष योग्यजन समाज का अभिन्न अंग हैं इनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार निरंतर कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। इस अवसर पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानी तथा अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी योजना से वंचित न रहे। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता ने भी कहा कि क्षेत्र में विशेष योग्यजन कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाया जा रहा है। स्कूटी प्राप्त कर लाभार्थियों ने प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार और विधायक देवीसिंह शेखावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से उनकी शिक्षा, रोजगार और आवागमन में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

### खेल महोत्सव मे हुआ वरिष्ठ और युवाओं का संगम

# पूर्वजो द्वारा स्थापित विरासत को संभालना अब युवाओं के कंधों पर

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** 24 श्रेणी पालीवाल समाज द्वारा आयोजित 15वी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गांव सालोर में हुआ। वॉलीबॉल खेल स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधान पंचायत समिति खमनोर स्वर्गीय श्री गणेश लाल जी पालीवाल की स्मृति में मंचासीन साध्वी जी सुगन ज्योति जी, बद्रीलाल पालीवाल केलवा अध्यक्ष 24 श्रेणी, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीलाल पालीवाल साकरोदा,रामनारायण पालीवाल केलवा, इंदौर अध्यक्ष राकेश पालीवाल, उपाध्यक्ष ओंकारलाल जोशी, मंत्री भगवतीलाल धरमेटा, खेल संयोजक व पूर्व नगर परिषद सभापति दिनेश पालीवाल मंडा, उपाध्यक्ष छगन पालीवाल पिपलांत्री ,धर्मनारायण जावद, नरेन्द्र पालीवाल रिछेड,पालीवाल ब्राह्मण महासभा सामाजिक चेतना जागरण मंत्री कैलाश जोशी केलवा, भाजपा कोठारी मंडल अध्यक्ष हरदयाल सिंह चौहान, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पुरोहित,राकेश जोशी मोगाना , मनीष नाथद्वारा, संजय पालीवाल केलवा,24 श्रेणी नवयुवक मंडल युवा संयोजक मनोज भगवानदा, पंचायत समिति सदस्य माया पालीवाल, पूर्व सरपंच प्रमिला पालीवाल के आतिथ्य में उद्घाटन समारोह हुआ। खेल महोत्सव के आयोजनकरता परिवार की ओर से सत्यनारायण अशोक मांगीलाल बाबूलाल कैलाश जयेश राजेश ने सभी अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी एवं ईकलाइ से स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत उद्बोधन में सत्यनारायण पालीवाल ने कहा कि पालीवाल समाज द्वारा अब तक 15 बार समाज स्तर पर के खेल कार्यक्रम हो चुके हैं एवं इस बार यह सौभाग्य गांव सालोर को दिया गया यह हमारे लिए हर्ष का दिन है।

24 श्रेणी पालीवाल समाज अध्यक्ष श्रीमान बद्री लाल जी पालीवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्वजों द्वारा स्थापित विरासत को अब तक समाज के वरिष्ठजन संभालते आए हैं अब आगे यह जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर रहेगी युवा अपनी सकारात्मक सोच से समाज में अनेक ऐसे आयोजन करवाये जिसमें वरिष्ठजन के साथ युवा एवं मातृशक्ति भी बढ़ चढक़र भाग ले एवं समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

**वरिष्ठ जन एवं युवाओं का संगम :** 15वीं वॉलीबॉल खेल महोत्सव में पालीवाल समाज के 52 गांव के युवाओं के साथ वरिष्ठ जन ने भी बढ़-चढक़र भाग लिया कार्यक्रम में लगभग 5 000 से अधिक समाज जनो युवाओं मातृशक्ति ने भाग लिया ।स्वागत उद्बोधन आयोजनकर्ता परिवार पूर्व महामंत्री पूर्व सरपंच सालोर सत्यनारायण पालीवाल ने दिया।

**स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि :** प्रारंभ में ग्राम सालोर बस स्टैंड पर स्थित पूर्व स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय गणेशलाल जी पालीवाल की प्रतिमा पर समाज बंधुओ ओर खिलाडियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

**शुरुआती रोमांचक मुकाबले :** वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्मैशिंग सीनियर वर्ग स्मैशिंग जूनियर वर्ग शूटिंग सीनियर वर्ग मैं कुल 75 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मुकाबले में स्मैशिंग जूनियर वर्ग में धोईन्दा ने जावद साकरोदा ने मुडोंल तथा शूटिंग सीनियर मे धर्मेटा ने खमनोर, ओढन ने केलवा, भगवानदा ने उंखलियों का खेड़ा, मोरवड़ ने सालोंर को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया ।

## दुबई एयर शोः इंडिया पवेलियन में भारत की शक्ति दर्शाती ब्रह्मोस मिसाइल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दुबई एयर शो 2025 के दौरान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्ष मोहम्मद मुबारक अल मजरुई से द्विपक्षीय बैठक की। सोमवार को हुई इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने विशेष रूप से संस्थागत तंत्र, रक्षा प्रदर्शनी, प्रशिक्षण सहयोग तथा संयुक्त अनुसंधान, सह-विकास और सह-उत्पादन के नए अवसरों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दुबई एयर शो 2025 में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर यूएई में भारत के राजदूत डॉ. दीपक मित्तल, संयुक्त सचिव अमित सतीजा, वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल नरमदेश्वर तिवारी और नौसेना के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल समीर सक्सेना सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पवेलियन में स्वदेशी लड़ाकू विमान तकनीक, नेक्स्ट-जेन रक्षा स्टार्टअप्स, अत्याधुनिक एयरोस्पेस नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की शक्ति को प्रदर्शित किया गया है। रक्षा राज्य मंत्री ने दुबई एयर शो में ब्रह्मोस मिसाइल स्टॉल का भी उद्घाटन किया। ब्रह्मोस इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में से एक है। यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल जहाजों, मोबाइल लॉन्चर, पनडुब्बियों और लड़ाकू विमानों पर तैनात की जा सकती है। इसके साथ ही यह भूमि और समुद्री दोनों लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है।

मंत्री संजय सेठ ने यहां विस्टा स्टार्टअप जोन में प्रदर्शित भविष्यवादी रक्षा और एयरोस्पेस तकनीक का अवलोकन किया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र के 15 विजेता स्टार्टअप्स से भी बातचीत की। ये वे स्टार्टअप्स हैं जो भारत की नई तकनीकी क्षमता और नवाचार को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित कर रहे हैं।

## महबूबा बोलीं- कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंजी

### सरकार का वादा था- जम्मू-कश्मीर सुरक्षित होगा, दिल्ली ही खतरे में आ गई

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व ष्ट्रू महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि 10 नवंबर को लाल किले पर हुआ विस्फोट देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू-कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है।

महबूबा ने कहा- आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं। आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है।

दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर की शाम कार ब्लास्ट हुआ था। जिसमें पुलवामा के रहने वाले डॉ. उमर ने खुद को विस्फोटक समेत उड़ा दिया था। इस हमले में 13 लोगों की मौत हुई है, जबकि 20 से ज्यादा घायल हैं।

दिल्ली, हरियाणा, जम्मू कश्मीर और यूपी पुलिस समेत एनआईए, हृस्त्र, श्वष्ठ इस व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की जांच कर रही हैं। अब तक इस मॉड्यूल से जुड़े 6 डॉक्टरों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## एसआई-भर्ती रद्द करने के खिलाफ सरकार ने दायर की अपील

### ढाई महीने बाद खंडपीठ में कहा- पूरे राजस्थान में नहीं हुआ लीक पेपर का प्रसार

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 को रद्द करने के एकलपीठ के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने खंडपीठ में अपील दायर की है। अपील में सरकार की ओर से कहा गया है कि कुछ लोगों की गलती की वजह से पूरी भर्ती को रद्द नहीं किया जा सकता है। सेंटर से जो पेपर लीक हुआ था, वो कुछ अभ्यर्थियों के पास ही पहुंचा था। वहीं आरपीएससी से लीक होने वाला पेपर संलिप्त आरपीएससी सदस्यों के बच्चों और दलालों तक ही गया था। इस पेपर का प्रसार पूरे राजस्थान में नहीं हुआ। पूरी भर्ती रद्द होने से इसका असर सही अभ्यर्थी के जीवन पर भी पड़ रहा है। जांच एजेंसियां अगर भर्ती में सही और गलत की छंटनी कर सकती है तो कोर्ट को पूरी भर्ती रद्द नहीं करनी चाहिए। हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 28 अगस्त को एसआई भर्ती को रद्द किया था। इसकी अपील 60 दिन में खंडपीठ में की जा सकती थी, लेकिन सरकार ने 60 दिन निकलने के बाद अपील दायर की है। ऐसे में सरकार ने अपील के साथ खंडपीठ में देरी माफी का प्रार्थना पत्र भी लगाया है।

# राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट जारी

## एक हफ्ते तक रहेगा असर, दिन का तापमान भी गिरने लगा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** उत्तर भारत से चल रही नॉदर्न विंड ने राजस्थान में ठिठुरन बढ़ा दी है। मौसम केन्द्र जयपुर ने सोमवार को 4 जिलों में कोल्ड-वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। अगले एक सप्ताह इसी तरह का मौसम रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

सीकर, चूरू, झुंझुनूं (शेखावाटी बेल्ट) के अलावा नागौर, जोधपुर, अजमेर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर के आसपास के इलाकों में कोल्ड-वेव का प्रभाव रहा। सुबह-शाम सर्द हवा से ठिठुरन रही। दिन में तेज धूप से निकलने से सर्द हवा से थोड़ी राहत रही, लेकिन शाम होने के साथ फिर से सर्दी तेज हो गई।

पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे कम तापमान सीकर के पास फतेहपुर और नागौर जिले में दर्ज हुआ। इन दोनों शहरों में क्रमशः 5.2 और 5.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इन दोनों शहरों के साथ सीकर, चूरू, झुंझुनूं, जोधपुर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर जिलों में कोल्ड-वेव का सर्वाधिक असर रहा।

जोधपुर में रविवार न्यूनतम तापमान पहली बार 10 डिग्री से नीचे आकर 9.9 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। जोधपुर जिले की सीजन की सबसे ठंडी रात रही। इसी तरह चित्तौड़गढ़ में न्यूनतम तापमान 8.2, उदयपुर में 8.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जोधपुर के अलावा चित्तौड़गढ़, उदयपुर, नागौर में भी सीजन की सबसे ठंडी रात रही।

जयपुर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस, अजमेर में 10, भीलवाड़ा में 9, वनस्थली (टोंक) में 9.1, अलवर में 9, पिलानी में 8.5, चूरू में 7.9, जालोर में 8.1, करौली में 7.6, दौसा में 6.4, बाड़मेर में 15.1, जैसलमेर में 12.2, कोटा में 12.3, बीकानेर, गंगानगर में 11.2 और झुंझुनूं में 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### अधिकतम तापमान गिरा, दिन में भी ठंडक बढ़ी

शीतलहर का असर रहा कि राजस्थान के कई शहरों में रविवार को अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। बाड़मेर में अधिकतम तापमान एक डिग्री गिरकर 31.6 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। बीकानेर में 31.3, चूरू में 29.4, जयपुर में 28, जैसलमेर में 30, जोधपुर में 29.8, कोटा में 26.9 और अजमेर में 28.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन में सबसे ज्यादा ठंडक सिरोही जिले में रही, जहां अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### इन जिलों में आज येलो अलर्ट

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर की ओर से 17 नवंबर को सीकर, झुंझुनूं, चूरू, नागौर जिलों में कोल्ड-वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 18 नवंबर को सीकर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा और उत्तरी हवाओं के कारण सर्दी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले- ये आखिरी समय में बम फोड़ेंगे

### भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा- राजस्थान में फेल और मजाक सरकार, 10 हजार बांटेंगे, फर्जी वोट कराएंगे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान में फेल और मजाक की सरकार है। फिर भी ये मत सोचो कि अपने आप घर बैठे राज आ जाएगा, नहीं आ रहा है। क्योंकि ये (बीजेपी सरकार) साल भर पहले 10 हजार रुपए बांटेंगे, फर्जी वोट कराएंगे। कहीं बम फोड़ देंगे। कहीं कुछ और कराएंगे। ये माहौल बनाने की कोशिश करेंगे। लेकिन हमारा वोटर हमारे साथ रहा तो ये कुछ नहीं कर पाएंगे।

ये बात सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के कार्यालय पर आयोजित बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने बिहार चुनावों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि चुनाव से पहले सरकार ने कई स्पेशल ट्रेनें चलाई। पोलिंग से पहले स्पेशल ट्रेनें चलती रही। ये सब इनका षड़यंत्र का हिस्सा है। दूसरी तरफ बिहार की जनता को विश्वास नहीं हो रहा है, एनडीए जीत सकती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को लेकर कहा कि जितेंद्र सिंह ने जूली को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया, बल्कि अलवर ग्रामीण की जनता ने बनाया है। जूली तो बहरोड़ के रहने वाले थे। जनता ने इनको अपनाया। पहले जिला प्रमुख बनाया, फिर विधानसभा जीतने के बाद जूली ने छाप छोड़ी। उसके बाद मंत्री बने। मंत्री बनने के बाद भी जनता ने अच्छे वोटों से जिताया, जिसके बाद राहुल गांधी और खड़गे ने इनको पहचानकर राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष का जिम्मा सौंपा है।

## बिहार में नई सरकार का रास्ता साफ, नीतीश 20 को लेंगे शपथ, तेजस्वी बने विपक्ष के नेता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनडीए की प्रचंड जीत के बाद नीतीश कुमार 20 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल गठन पर घटक दलों में गहन मंथन जारी है, जहाँ संभावित मंत्रियों पर राजनीतिक समीकरणों के आधार पर विचार हो रहा है। वहीं, महागठबंधन की हार के बावजूद तेजस्वी यादव बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए हैं, यह उन्हें मिली अहम जिम्मेदारी है।

हाल ही में संपन्न बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा भारी जीत दर्ज करने के बाद अगले तीन से चार दिनों में नई बिहार सरकार का गठन हो जाएगा। सोमवार को एनडीए सरकार की कैबिनेट बैठक के बाद, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मौजूदा विधानसभा भंग करने की सिफ़ारिश करने के लिए अधिकृत कर दिया गया। नीतीश कुमार ने राजभवन में राज्यपाल आरिफ़ मोहम्मद ख़ान को अपना इस्तीफ़ा सौंपा।

सूत्रों ने सोमवार को बताया कि बिहार में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को पटना में होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों सहित एनडीए के कई अन्य शीर्ष नेताओं के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। इससे पहले, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संवाददाताओं को बताया कि नवनिर्वाचित विधायक मंगलवार को अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि संभवतः नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 या 21 नवंबर को होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए पटना के गांधी मैदान में तैयारियाँ चल रही हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और राघोपुर से नवनिर्वाचित विधायक तेजस्वी यादव को बिहार विधानसभा में विपक्ष का नेता चुना गया है। पटना स्थित तेजस्वी यादव के आवास पर राजद विधायकों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। यह बैठक बिहार चुनाव में महागठबंधन की करारी हार की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी, जहाँ गठबंधन को एनडीए से करारी हार का सामना करना पड़ा था। एनडीए ने बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीटें हासिल कीं, जबकि महागठबंधन को केवल 35 सीटें मिलीं, जबकि राजद को केवल 25 सीटें मिलीं। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया कि बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर कैबिनेट के निर्णय से उन्हें अवगत कराया। विजय चौधरी ने कहा, कैबिनेट ने नयी सरकार के गठन के मद्देनजर 19 नवंबर को विधानसभा भंग करने की अनुशंसा करने का प्रस्ताव पारित किया। उन्होंने यह भी बताया कि कैबिनेट ने राजग की ऐतिहासिक जीत के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देने का प्रस्ताव पारित किया। चौधरी ने कहा, यह नीतीश कुमार के नेतृत्व में गठबंधन का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है जो राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण संभव हुआ है। हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में 243 सदस्यीय सदन में राजग ने 200 से अधिक सीट पर जीत दर्ज की है, जिनमें भाजपा ने सर्वाधिक 89 सीट जीतीं और जनता दल (यूनाइटेड) को 85 सीट मिलीं।



## जयपुर पुलिस ने हथियारबंद दो बदमाशों को पकड़ा

### क्राइम ब्रांच की टीम लगी थी पीछे, तलाशी में देसी कट्टा व 22 कारतूस मिले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस ने हथियारबंद दो बदमाशों को अरेस्ट किया है। जयपुर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच की टीम दोनों बदमाशों के पीछे लगी हुई थी। रामगंज थाना पुलिस की गिरफ्त में दोनों बदमाशों की तलाश में एक देसी कट्टा व 22 कारतूस मिले हैं। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (क्राइम) अभिजीत सिंह ने बताया- आर्म्स एक्ट में बदमाश शारिफ कुरैशी (22) पुत्र आरिफ कुरैशी निवासी कंधी वालों का मोहल्ला रामगंज और नवेद शेख (25) पुत्र शफी खान निवासी तोपखाना घाटगेट का रहने वाला है। जयपुर कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच टीम को दो बदमाशों के हथियार लेकर घूमने की सूचना मिली थी।



**पुलिस ने बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा**-क्राइम ब्रांच टीम की सूचना पर रामगंज थाना पुलिस ने बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में दोनों बदमाश शारिफ कुरैशी और नवेद शेख के पास एक देसी कट्टा और 22 जिंदा कारतूस मिले।

# टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका के बीच पहली डील

## जरूरत की 10% गैस यूएस से खरीदेगा भारत, इससे हमारी एनर्जी सिक्योरिटी मजबूत होगी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टैरिफ विवाद के बीच भारत और अमेरिका ने पहली डील साइन की है। इस डील के तहत भारत अमेरिका से करीब 2.2 मिलियन टन एलजीपी खरीदेगा। ये भारत की सालाना जरूरत का 10% है। यह डील केवल एक साल यानी 2026 के लिए है।

ये डील भारत की सरकारी तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने अमेरिकी एनर्जी सप्लायर्स- चेवरॉन, फिलिप्स 66 और टोटल एनर्जीज ट्रेडिंग के साथ की है। भारत दुनिया का दूसरा बड़ा एलजीपी उपभोक्ता है। अभी भारत अपनी एलजीपी जरूरतों का 50% से ज्यादा आयात करता है और ज्यादातर सप्लाई पश्चिम एशिया के बाजारों से आती है।

### भारत की एनर्जी सिक्योरिटी मजबूत होगी

- ये डील भारत की एनर्जी सिक्योरिटी को मजबूत करेगी।
- ट्रेडिशनल सोर्सेज पर निर्भरता कम होगी, जिससे सप्लाई चेन ज्यादा स्टेबल बनेगी।
- दुनियाभर में बदलती कीमतों का असर कम होगा।
- ये यूएस के साथ ट्रेड बैलेंस करने में मदद करेगा।

### सिलेंडर की कीमतें कंट्रोल में रखने में मदद मिलेगी

पेट्रोलियम मिनिस्टर हरदीप सिंह पुरी ने इस डील को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा- दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एलजीपी मार्केट्स में से एक अब यूएस सप्लाई के लिए खुल गया है। भारत के लोगों को सुरक्षित और सस्ता एलजीपी उपलब्ध कराने के हमारे प्रयास में, हम अपनी सोर्सिंग को डाइवर्सिफाई कर रहे हैं। यह डील उस दिशा में एक अहम कदम है। अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोर्सिंग करने का यह कदम नई दिल्ली की रणनीति का हिस्सा है, जिसका मकसद पारंपरिक सप्लायर्स पर निर्भरता कम करना, सप्लाई की स्थिरता बढ़ाना और ग्लोबल मार्केट में तेज कीमतों के उछाल से बचाव करना है।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार